

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज ✌ किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -318 जबलपुर, शुक्रवार 17 जनवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शहडोल रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के अवसर पर पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाते जनजातीय युवाओं का उत्साहवर्धन किया

## शहडोल में हुई प्रदेश की सातवीं रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव, मिले 32 हजार 500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव






शहडोल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि शहडोल संभाग कई कारणों से पिछड़ा था, लेकिन अब विकास होगा। यहां उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं। रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव से पूरा शहडोल संभाग लाभांवित होगा। संभाग के तीनों जिलों- शहडोल, उमरिया और अनूपपुर का विकास होगा।

अनेक उद्योगपतियों ने यहां उद्योग लगाने में रुचि दिखाई है। 15 उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा हुई है। 102 इकाइयों के लिए 32 हजार 500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

इस निवेश के माध्यम से 30 हजार 925 लोगों को रोजगार भी मिलेगा। यह जानकारी मुख्यमंत्री यादव ने गुरुवार को शहडोल में आयोजित प्रदेश की सातवीं रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव के बाद पत्रकारों को दी।

बड़ी कंपनियों ने दिया निवेश का प्रस्ताव

उन्होंने कहा कि कान्क्लेव में कल्पना से अधिक निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इसमें सारदा ग्रुप, रिलायंस, टोरेंटो, बजरंग पावर सहित कई बड़ी कंपनियों के साथ बाबा रामदेव ने भी निवेश करने का प्रस्ताव दिया है।

सारदा ग्रुप अकेले तीन हजार करोड़ का निवेश कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले पांच साल में शहडोल अपनी अलग पहचान बनाएगा।

जल्द ही यहां सड़कों का जाल बिछाया जाएगा और एयरपोर्ट जैसी सभी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। शहडोल में रिंग रोड और अनूपपुर में बाइपास बनाने की घोषणा भी की।

उद्योगपतियों को संबोधित करने के दौरान ही मुख्यमंत्री ने अगले सत्र से शहडोल इंजीनियरिंग कालेज में स्नातक बीटेक की कक्षाएं शुरू करने की भी घोषणा की।

शहडोल में उद्योग की अपार संभावनाएं

कान्क्लेव के दौरान मुख्यमंत्री उद्योगपतियों के बीच गए और उनसे बातचीत करने साथ निवेश के प्रस्ताव लिए। इस दौरान अधिकारियों ने तीन सत्रों में अपने विभाग के संबंधित जानकारियां भी उद्योगपतियों के सामने रखीं। मुख्यमंत्री ने बताया कि ये निवेश प्रस्ताव खनिज, नवकरणीय ऊर्जा, पर्यटन, स्टील प्लांट, कृषि और उद्यानिकी क्षेत्रों से संबंधित है। शहडोल क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना की अपार संभावनाएं हैं। यय उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ से समीप है। शहडोल खनिज संसाधनों से समृद्ध है, जिसमें कोयला, बाक्साइट, फायर क्ले और ग्रेनाइट प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। यहां की वन संपदा और जैव विविधता इसे वन आधारित उद्योगों और औषधीय उत्पादों का प्रमुख केंद्र बनाती है। उमरिया जिले में बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान, सरसी आइलैंड पर्यटकों को आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि कान्क्लेव में उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ किए गए संवाद से यह स्पष्ट हुआ कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश और उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय एमएसएमई को बड़े उद्योगों के साथ साझेदारी करने के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे उनकी वृद्धि को बल मिलेगा व कुटीर, ग्रामोद्योग को भी इकोसिस्टम में जुड़ने का अवसर मिलेगा। मध्य प्रदेश की अग्रसर औद्योगिक नीति और अनुकूल औद्योगिक वातावरण होने के कारण निवेश के निरंतर प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं, जो हमारी प्रगतिशील औद्योगिक नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। इस दौरान उप मुख्यमंत्री व शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल, कुटीर व ग्रामीण उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह और विधायक जयसिंह नगर मनीषा सिंह की भी उपस्थित रहीं।

वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जाएगा

वर्ष-2025 उद्योग वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट (जीआइएस) से इसकी शुरुआत होगी। राज्य का 1.25 लाख एकड़ में फैला विशाल औद्योगिक भूमि बैंक, 112 विकसित औद्योगिक क्षेत्र और 14 नए ग्रीनफील्ड औद्योगिक क्षेत्रों के प्रस्ताव ने निवेशकों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यहां टेक्सटाइल, फार्मा, खाद्य प्र-संस्करण, आटोमोबाइल और इलेक्ट्रानिक्स जैसे बहु-क्षेत्रीय औद्योगिक क्लस्टर्स ने राज्य को निवेश के लिए समृद्ध स्थान बना दिया है।

## अभिनेता सैफ अली खान पर चोरी के इरादे से घुसे हमलावरों ने किया हमला



मुंबई (आरएनएस)। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर उनके मुंबई स्थित घर में हमला हुआ, जिसमें वे घायल हो गए हैं। घटना के बाद सैफ को इलाज के लिए लीलावती अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी सर्जरी चल रही है। इस हमले के बाद सैफ की टीम ने एक आधिकारिक बयान जारी किया है।


सैफ अली खान की टीम ने बताया कि हमलावर चोरी के इरादे से उनके घर में घुसे थे। हालांकि, पकड़े जाने पर उनके और सैफ के बीच हाथापाई हो गई, जिसके दौरान सैफ पर हमला किया गया। बताया जा रहा है कि इस हमले में सैफ की पीठ पर चाकू के घाव हुए हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही मुंबई पुलिस ने जांच शुरू कर दी। अब तक तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। सैफ के घर और उसके आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। मुंबई के ज्वाइंट सीपी लॉ एंड ऑर्डर ने घटना की पुष्टि की है और बताया कि सैफ को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। सैफ अली खान की पत्नी करीना कपूर और उनके दोनों बच्चे इस हमले में पूरी तरह सुरक्षित हैं।

पुलिस ने उनके घर की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया है। बांद्रा पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

पुलिस ने बयान में कहा कि सैफ और हमलावरों के बीच हाथापाई के सबूत मिले हैं। सैफ अली खान का घर मुंबई के बांद्रा स्थित पॉश इलाके में है, जहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। इसके बावजूद उनके घर में चोरी की कोशिश और हमला चौंकाने वाला है।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में एक और नक्सल हमला आईईडी ब्लास्ट में 2 जवान घायल



बीजापुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में बीजापुर के बासागुड़ा में हुए आईईडी ब्लास्ट में 2 जवान घायल हो गए। घायलों की पहचान मृदुल बर्मन और इशाक खान के रूप में हुई है। दोनो के कोबरा बटालियन के जवान हैं। अधिकारियों ने बताया कि 229 बटालियन और कोबरा की ज्वाइंट टीम एरिया डोमिनेशन पर निकली थी। इसी दौरान ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट की चपेट में आने से दोनों जवान घायल हो गए। अल सुबह दोनो घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया है। देवेंद्र नगर स्थित निजी अस्पताल में इलाज जारी है। दोनो की सर्जरी की जा रही है। इस बीच बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र के कमकानार के ग्रामीण मुकेश हेमला की हत्या के आरोपी नक्सली मंगल उइका को पुलिस ने कमकानार बाजार से गिरफ्तार किया है। बुधवार को उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार गत वर्ष 22 दिसंबर को रेड्डी मुर्गा बाजार से वापसी के दौरान मुकेश हेमला को गंगालूर एरिया कमेटी के नक्सलियों ने मुखबिरी के संदेह में अपहरण कर हत्या कर दी थी। उसका शव अगले दिन रेड्डी के सूखा तालाब के पास मिला था। इस मामले में डीआरजी की संयुक्त टीम ने घटना में शामिल आरोपित जन मिलिशिया सदस्य को पकड़ा है।

## नागपुर जिले में बाघ शावक मृत पाया गया

नागपुर-नागपुर जिले के रामटेक तालुका में बुधवार को एक बाघ शावक मृत मिला। वन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बाघ के शावक का शव दोपहर करीब तीन बजे देवलापार वन रेंज के कम्पार्टमेंट संख्या 487 में मिला। सूचना मिलने के बाद उप वन संरक्षक (नागपुर) भरत सिंह हाड़ा और अन्य वरिष्ठ वन अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि शव के पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण पता चलेगा।

## 2 से ज्यादा बच्चे होने पर ही लड़ पाएंगे चुनाव, चंद्रबाबू नायडू लेने जा रहे एकदम अलग फैसला



आंध्र प्रदेश (आरएनएस)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि कोई व्यक्ति तभी सरपंच, नगर निगम पार्षद या मेयर बन सकता है, जब उसके दो से अधिक बच्चे हों, यह संकेत देते हुए कि यह गिरती जनसंख्या को रोक देगा। नायडू ने कहा कि वह लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए नीतियां लाएंगे। उन्होंने कहा कि एक समय में, कई बच्चों वाले व्यक्तियों को पंचायत (चुनाव) या स्थानीय निकायों में लड़ने की अनुमति नहीं थी। अब मैं जो कह रहा हूं वह यह है कि कम बच्चों वाले व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकते। आप सरपंच, नगर निगम पार्षद, निगम अध्यक्ष या महापौर तभी बन पाएंगे जब आपके दो से अधिक बच्चे होंगे। सीएम के अनुसार, उत्तर भारत लगभग 15 वर्षों में स्थिर प्रजनन दर का लाभ खो सकता है। उन्होंने कहा, आपके माता-पिता चार से पांच बच्चे पैदा करते थे और आपने इसे घटाकर एक कर दिया। यहां तक कि होशियार लोग भी अब कह रहे हैं कि दोगुनी आय वाले बच्चे हमें आनंद नहीं लेने देते। अगर उनके माता-पिता ने उनके जैसा सोचा होता, तो वे इस दुनिया में नहीं आते। नायडू ने कहा, सभी देशों ने यह गलती की है और हमें सही समय पर निर्णय लेना होगा। उन्होंने कहा कि अधिक बच्चे पैदा करने के महत्व पर जोर नहीं दिया गया और स्थिति हाथ से बाहर हो गई। दक्षिण कोरिया, जापान और महाद्वीपीय यूरोप जैसे देशों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि उन जगहों पर लोगों को आबादी कम होने के खतरे का एहसास नहीं था, बल्कि उन्होंने केवल धन पैदा करने, आय बढ़ाने और उन देशों को आगे ले जाने पर ध्यान केंद्रित किया। इस महीने की शुरुआत में, नायडू ने गिरती जन्मदर पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत को दक्षिण कोरिया और जापान जैसे अन्य देशों द्वारा की गई गलतियों को नहीं दोहराना चाहिए, जहां जन्मदर में गिरावट आई है।

## 'अवैध तो पूरा इंदौर है, क्या उसे भी हटा दोगे'... अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम पर भड़के विधायक



इंदौर (आरएनएस)। एक तरफ जिला प्रशासन और नगर निगम संयुक्त रूप से फुटपाथ और सड़कों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहे हैं, दूसरी तरफ जनप्रतिनिधि ही इसका विरोध कर रहे हैं। इसी विरोध के चलते मालवा मिल क्षेत्र पहुंची संयुक्त टीम को बगैर कार्रवाई लौटना पड़ा।

कार्रवाई का विरोध कर रहे लोगों ने अधिकारियों को ऐसे घेरा कि मजबूर होकर उन्हें उल्टे पैर लौटना पड़ा। विरोध कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि रसूकदारों के खिलाफ कार्रवाई के बजाय छोटे व्यापारियों को निशाना बनाया जा रहा है। रोशनसिंह भंडारी मार्ग पर जहां कार्रवाई की जा रही है, वहां कुछ दुकानों को जानबूझकर छोड़ा जा रहा है। लोगों ने विधायक महेंद्र हार्डिया के खिलाफ नारेबाजी भी की। टीम के बगैर कार्रवाई लौटने के बाद हार्डिया खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके से ही एसडीएम प्रदीप सोनी को फोन लगाकर चुनौती देते हुए कहा कि मैं यहां बैठा हूं। आप कार्रवाई करके बता दो। एसडीएम ने जब दुकानों के अवैध होने की बात कही, तो विधायक ने कहा कि अवैध तो पूरा इंदौर है तो क्या पूरा इंदौर तोड़ दोगे। वो कौन है जेडओ, उसमें जूते देंगे हम। बुधवार दोपहर बाद नगर निगम और जिला प्रशासन की टीम रोशनसिंह भंडारी मार्ग पहुंची। एसडीएम प्रदीप सोनी ने बताया कि लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि यहां फुटपाथ पर अवैध दुकानें बना ली गई हैं। संयुक्त टीम ने जैसे ही एक दुकान के खिलाफ कार्रवाई शुरू की, भीड़ ने अधिकारियों को घेर लिया। कार्रवाई का विरोध करते हुए लोग मशीनों के आगे बैठ गए।


## दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को विधानसभा चुनाव नामांकन के लिए तिहाड़ जेल से रिहा किया गया



नई दिल्ली-(आरएनएस)। दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के वास्ते बृहस्पतिवार को सुबह तिहाड़ जेल से रिहा किया गया। जेल के सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उच्च न्यायालय ने हुसैन को हिरासत में पैरोल दी है। एक सूत्र ने बताया, ''उन्हें दिल्ली पुलिस की कड़ी सुरक्षा में जेल से रिहा किया गया। वह सुबह करीब सवा नौ बो जेल से बाहर आए।'' आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद हुसैन को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने दिल्ली में पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए मुस्तफाबाद निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने हुसैन को नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए मंगलवार को दंगों से संबंधित हत्या के एक मामले में हिरासत में पैरोल दी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए 8वें केंद्रीय वेतन आयोग को मंजूरी दे दी

### केंद्र सरकार के कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ रही है



नई दिल्ली-(आरएनएस)। डॉ. एम. राघवैया, महासचिव (एनएफआईआर)/नेता/कर्मचारी पक्ष/एनसी(जेसीएम) और श्री शिव गोपाल मिश्रा, सचिव/कर्मचारी पक्ष/एनसी(जेसीएम), जीएस (एआईआरएफ) ने श्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और आठवें वेतन आयोग को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। पहला वेतन आयोग मई 1946 – मई 1947 ? अध्यक्ष- श्रीनिवास वरदाचार्य

? मुख्य विशेषताएं- ? भारत की आजादी के बाद वेतन संरचना को तर्कसंगत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। जीविका मजदूरी की अवधारणा की शुरुआत।न्यूनतम वेतन- ?55/माह; अधिकतम वेतन- ?2,000/माह। लाभार्थी- लगभग 1.5 मिलियन कर्मचारी।

दूसरा वेतन आयोग अगस्त 1957 – अगस्त 1959 अध्यक्ष- जगनाथ दास मुख्य विशेषताएं-अर्थव्यवस्था और जीवनयापन की लागत को संतुलित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। न्यूनतम वेतन ?80/माह की सिफारिश की गई। समाज के समाजवादी पैटर्न का परिचय दिया। लाभार्थी- लगभग 2.5 मिलियन कर्मचारी। तीसरा वेतन आयोग अप्रैल 1970 – मार्च 1973 अध्यक्ष- रघुबीर दयाल ? मुख्य विशेषताएं- अनुशंसित न्यूनतम वेतन ?185/माह। सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच वेतन समानता पर जोर दिया गया। वेतन संरचना में असमानताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। लाभार्थी- लगभग 3 मिलियन कर्मचारी। चौथा वेतन आयोग सितंबर 1983 – दिसंबर 1986अध्यक्ष- पी.एन. सिंघल मुख्य विशेषताएं-

न्यूनतम वेतन ?750/माह की सिफारिश की गई। सभी रैंकों में वेतन में असमानताओं को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।प्रदर्शन से जुड़ी वेतन संरचना पेश की गई। लाभार्थी- 3.5 मिलियन से अधिक कर्मचारी। 5वां वेतन आयोग अप्रैल 1994 – जनवरी 1997 अध्यक्ष- न्यायमूर्ति एस. रत्नावेल पांडियन मुख्य विशेषताएं- न्यूनतम वेतन ?2,550/माह की सिफारिश की गई। वेतनमान की संख्या कम करने का सुझाव। सरकारी कार्यालयों के आधुनिकीकरण पर ध्यान दिया गया। लाभार्थी- लगभग 4 मिलियन कर्मचारी।छठा वेतन आयोग अक्टूबर 2006 – मार्च 2008? अध्यक्ष- न्यायमूर्ति बी.एन. श्री कृष्ण मुख्य विशेषताएं-

वेतन बैंड और ग्रेड वेतन की शुरुआत की गई। न्यूनतम वेतन- ?7,000/माह; अधिकतम वेतन- ?80,000/माह।

### जीतू पटवारी ने टीआई से कहा

## शिकायत बहुत आ रही, आपके खिलाफ धरने पर बैठ जाऊंगा



देवास (आरएनएस)। जिले की पुलिस इन दिनों कांग्रेस के निशाने पर है। सतवास पुलिस थाने में युवक की मौत के बाद से गर्माए माहौल की आंच अब कन्नौद पुलिस थाने तक पहुंची है। पुलिस पर भाजपा नेताओं के दबाव में काम करने के आरोप लगे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को यहां तक कहना पड़ रहा है कि सुधर जाओ वरना तुम्हारे खिलाफ धरने पर बैठ जाउंगा। इधर, टीआई का कहना है कि पक्षपात के आरोप गलत है। दोनों पक्षों पर केस दर्ज किया है। दरअसल, मामला कुसमानिया में हुए विवाद का है। यहां गत दिनों आपसी रंजिश में देवराज परमार व महेश परमार में विवाद हुआ था। दोनों पक्षों की ओर से मारपीट की गई, जिसमें दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आई।

पुलिस ने तीन अलग-अलग केस दर्ज किए। दो केस देवराज परमार के पक्ष के विरुद्ध जबकि एक महेश परमार के पक्ष के विरुद्ध दर्ज हुआ। घटना में देवराज परमार के पुत्र वीरेंद्र को गंभीर चोट आई, जिसका इंदौर में इलाज चल रहा है। देवराज परमार के पक्ष की ओर से शिकायत की गई कि कन्नौद थाना प्रभारी तहजीब काजी विधायक आशीष शर्मा के दबाव में है। जब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भोपाल से आष्टा होते हुए कन्नौद जा रहे थे, उस समय कुसमानिया में पटवारी से घटनाक्रम की शिकायत की गई। इधर, मामले में पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने फोन पर टीआई तहजीब काजी को खरीखोटी सुनाई। पटवारी ने समर्थकों के सामने टीआई काजी को फोन कर लाउडस्पीकर पर बात की और कहा कि क्यों काजी जी, आपको समझ नहीं आ रहा। उस दिन मैं आया था, आपको इशारे में समझाया था, फिर भी समझ नहीं आई। कुसमानिया में मारपीट हुई। लड़का इंदौर के अस्पताल में भर्ती है तो आरोपितों को गिरफ्तार क्यों नहीं कर रहे। हर कोई शिकायत कर रहा है। ये गलत बात है। थाना बदल लो आप। मैं आपके खिलाफ ही धरना देने आ जाउंगा। मामले में दूसरी तरफ से टीआई काजी कहते रहे कि सर कायमी हो गई है।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना गोरखपुर में रात्रि पुनीत गुप्ता उम्र 35 वर्ष निवासी सदर बजार केंट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम लगभग 5-35 बजे वह अपने घर से गोरखपुर एमआर कोठारी शोरूम के पास अपने टू व्हीलर एक्सिस से कुछ सामान खरीदने गया था और गाड़ी में ही अपना मोबाइल वन प्लस कम्पनी का रख दिया था सामान खरीदकर वापस आया तो उसका मोबाइल गाड़ी मे नहीं था कोई अज्ञात चोर उसका मोबाइल कीमती लगभग 15 हजार रूपये का चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 303( 2 ) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# महाराष्ट्र शिक्षण मंडल के शताब्दी वर्ष का शुभारंभ



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर की विख्यात शिक्षण संस्था महाराष्ट्र शिक्षण मंडल के शताब्दी समारोह का उद्घाटन माननीय मुरलीधरजी मोहोळ, केंद्रीय राज्य मंत्री, नागरिक उड्?डयन एवं सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार की गरिमामय उपस्थिती एवं माननीय श्री राकेश सिंग जी, कैबिनेट मंत्री लोक निर्माण विभाग, मध्यप्रदेश शासन की अध्यक्षता में, एम एल बी विद्यालय के मैदान में एक भव्य समारोह के रूप में संपन्न हुआ। माननीय मुरलीधर मोहोळ जी का स्वागत मंडल के अध्यक्ष डॉक्टर जयंत तनखीवाले जी, एवं महाराष्ट्र विद्यालय के पूर्व छात्र एवं मंडल के पूर्व सचिव श्री अनिल राजुरकर जी ने किया. माननीय राकेश सिंग जी का स्वागत संस्था के सचिव श्री प्रमोद पाठक जी ने किया। आयोजन में माननीय केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहोळ जी ने कहा कि, एक हिंदी भाषी क्षेत्र में मराठी समाज द्वारा एक शैक्षणिक संस्था 100 वर्षों तक सफलतापूर्वक संचालित करना बड़े गौरव की बात है। जबलपुर जिसे संस्कारधानी के नाम से भी जाना जाता है, उसके शैक्षणिक, सामाजिक उन्नयन में मराठी संस्कृति का भी बहुमूल्य योगदान है। प्रारंभ में मंडल एक विद्यालय का संचालन करता था जबकि अब तीन विद्यालय एवं एक महावि?द्यालय मंडल द्वारा संचालित हो रहे है इसकी उन्होंने प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री माननीय राकेश सिंग जी ने विद्यालय से निकले पूर्व छात्रों के बारे में बताते हुए 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में कमानिया गेट में झंडा फहराने की घटना का जिक्र करते हुए शाला के 10 वी कक्षा के छात्र हुतात्मा गुलाब सिंग के बलिदान का उल्लेख कर उनकी प्रखर देशभक्ति को नमन आपने शिक्षण मंडल की उपलब्धियों की सराहना की एवं मंडल को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में संस्था के पूर्व शिक्षकों का सम्मान किया गया जिनके अथक परिश्रम से संस्था आज इस ऊंचाई पर पहुंची है. पारंभ में स्वागत भाषण में शताब्दी आयोजन समिति के कार्याध्यक्ष श्री प्रशांत पोल ने शिक्षण मंडल का इतिहास बताते हुए मंडल की वर्तमान स्थिति एवं शताब्दी वर्ष में आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में भा.ज.पा. अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकू विज, नगर निगम पार्षद श्री अमरीश मिश्रा, भा.ज.पा. ग्रामीण अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल, पार्षद श्रीमती प्रतिभा भापकर एवं पूर्व न्यान्याचिश श्री प्रकाश नावलेकर उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष डॉक्टर जयंत तनखीवाले जी ने किया।

इस कार्यक्रम के पूर्व मंडल द्वारा संचालित सभी शिक्षण संस्थानों से वहां के छात्रों ?द्वारा एक चल समारोह में भव्य जुलूस निकाला गया. इस चल समारोह में छात्र-छात्राएं कतारबद्ध होकर पैदल कार्यक्रम स्थल तक चले. जुलूस के अय क्रम में मोटरसाइकिल पर सवार छात्र भगवा ध्वज लेकर रहे उसके पश्चात छात्र छात्राओं ने ट्राली पर छत्रपति शिवाजी महाराज, अजिंक्य योद्धा बाजीराव पेशवे, पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर और वीरांगना रानी दुर्गावती के स्वरूप में प्रतिभाग किया. चल समारोह में संत ज्ञानेश्वर, संत तुकाराम, संत नामदेव, संत चोखा मेळा, छत्रपति शिवाजी महाराज के गुरु समर्थ रामदास स्वामी आदि महापुरुषों एवं स्वतंत्रता आंदोलन के हुतात्मा गुलाब सिंह के पोस्टर वि?द्यार्थियों के हाथों में थे. चल समारोह में देशभक्ति के गीत एवं नारे लगते रहे. कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर चुने हुए छात्रों द्वारा सुमधुर राष्ट्रभक्ति के गीत प्रस्तुत किए गए। सभी विद्यालयों के भूतपूर्व छात्र एवं विद्यार्थियों के पालक भी उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय श्री दशा नेमा वणिक समाज की केंद्रीय कार्यकारिणी सह सामान्य सभाकी बैठक एवं अ भा युवक युवती परिचय ससम्मेलन संपन्न



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राजस्थान के बांसवाड़ा में अखिल भारतीय दशा नेमा वनिक समाज की कार्यकारिणी बैठक सामान्य सभा एवं अखिल भारतीय युवक युवती परिचय सम्मेलन डॉ पुरुषोत्तम नेमा राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में सानंद संपन्न हुआ ।बैठक में मध्य प्रदेश महाकौशल मालवा राजस्थान महाराष्ट्र गुजरात एवं मुंबई के प्रतिनिधियों ने भाग लिया बैठक में मध्य प्रदेश महाकौशल की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर पुरुषोत्तम नेमा जबलपुर महाकौशल के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील नेमा जबलपुर राष्ट्रीय महासचिव राकेश नेमा जबलपुर कोषाध्यक्ष आनंद नेमा जबलपुर राष्ट्रीय प्रचार प्रसार सचिव प्रभु नारायण नेमा छिंदवाड़ा सह प्रचार-प्रसार सचिव दिनेश नेमा अमरवाड़ा एवं कार्यकारणी सदस्य सर्व श्री सुरेश नेमा करेली कैलाश नेमा नरसिंहपुर अरविंद नेमा छिंदवाड़ा एवं शैलेंद्र नेमा छिंदवाड़ा ने भाग लिया प्रथम दिवस सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया बैठक में सभी पदाधिकारियों ने समाज संगठन को मजबूत बनाए जाने एवं गतिविधियों के सक्रिय संचालन के परिवेश में अपने अपने विचार व्यक्त किए दूसरे दिन युवक युवती परिचय सम्मेलन आरंभ होने से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पुरुषोत्तम नेमा जबलपुर का भव्य स्वागत और सम्मान राजस्थान प्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा किया गया इस अवसर पर परिचय पुस्तिका का लोकार्पण हुआ युवक युवती परिचय सम्मेलन में 170 युवक युवतियों ने अपने बायोडाटा प्रेषित किया उनमें से 111 बच्चों ने अपनी उपस्थिति देकर समारोह की गरिमा को बढ़ाया राजस्थान प्रदेश के अध्यक्ष श्री निमेष मेहता बांसवाड़ा सचिव श्री सुबोध मलोट बांसवाड़ा राष्ट्रीय सह सचिव श्री विनोद शाह राजस्थान के सभी पदाधिकारी एवं समाज जनों द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन मैं अत्यधिक मेहनत करके आयोजन को सफल बनाया जिसकी सभी प्रदेशों से आए प्रतिनिधियों द्वारा मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई इसके लिए आयोजकों का सभी ने आभार व्यक्त किया

## मिलिन्द भान्दक्कर पावर जनरेटिंग कंपनी के डायरेक्टर कॉमर्शियल नियुक्त



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग ने एक आदेश जारी करके मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता मिलिन्द भान्दक्कर (स्न्द्धद्दद्गठ्ठस्र क्द्धद्गड्डठ्ठस्रद्मद्मड्डद्ध) को पावर जनरेटिंग कंपनी के डायरेक्टर (कॉमर्शा?यल) पद पर नियुक्त किया है। आदेश के अनुसार उनकी नियुक्ता? डायरेक्टर कॉमर्शा?यल के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की ता?र्था? से तीन वर्ष की अवर्धा? अथवा 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने की ति?र्था? में से जो भी पहले हो के लिए होगी। मिलिन्द भान्दक्कर ने आज डायरेक्टर कॉमर्शा?यल का पद संभाल लिया।

क्या हैं प्राथमिकताएं-डायरेक्टर कॉमर्शा?यल का पदभार ग्रहण करने के पश्चात् मिलिन्द भान्दक्कर ने कहा कि प्राथमिकता के तौर पर अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में 660 मेगावाट की एक यूनिट और सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी में दो यूनिटों की स्थापना, विद्युत गृहों का प्लान मेंटेनेंस, विद्युत गृहों का व्यापक निष्पादन और अन्य पूंजीगत योजनाओं का त्वरित क्रि?यान्वयन मुख्य हैं।

विद्युत परियोजनाओं के प्रोजेक्ट मैनेजमेंट का वृहद् अनुभव-मिलिन्द भान्दक्कर को 37 वर्षों से अर्धा?क का अनुभव है। वे शासकीय अभियंत्रिकीय महाविद्यालय ग्वालियर से वर्ष 1986 के मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट हैं और सर्टा?फाइड इनर्जी ऑडा?टर व मैनेजर हैं। उन्होंने 1988 में मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल के उत्पादन निकाय से सहायक अभा?यंता के रूप में अपनी सेवा शुरु की। मिलिन्द भान्दक्कर को ताप विद्युत परियोजनाओं के प्रोजेक्ट मैनेजमेंट व को-आर्डा?नेशन के क्षेत्र में वृहद् अनुभव है। उन्होंने मुख्यालय जबलपुर में पदस्थ रहते हुए संजय गांधी ताप विद्युत गृह की इकाई क्रमांक दो व तीन और श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना की चारों इकाईयों के क्रि?यान्वयन एवं उनकी कमीशनिंग का कार्य निष्पादित किया है।

### दिनांक 1 फरवरी 2025 को चलने वाली दयोदय एक्सप्रेस शोर्ट टर्मिनेट रहेगी

जबलपुर- उत्तर पश्चिम रेलवे में चल रहे अधोसंरचना कार्य के कारण दिनांक 1 फरवरी 2025 को जबलपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस सांगानेर स्टेशन तक चलेगी अत: यह गाड़ी सांगानेर से अजमेर के मध्य रद्द रहेगी इसी प्रकार वापसी में दिनांक 2 फरवरी 2025 अजमेर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस सांगानेर स्टेशन से प्रारंभ होकर जबलपुर तक आएगी अत: यह गाड़ी अजमेर से सांगानेर के मध्य रद्द रहेगी. यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए रेल प्रशासन को खेद है यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा के दौरान किसी असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत पूछताछ सेवाओं जैसे ह्रञ्जश्वस्र या 139 के माध्यम से गाड़ियों की सही स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

## ट्रांसको प्रीमियर लीग 2025 में प्रतीक, बालकृष्ण , नीतिन सोनी के चमकदार खेल से दर्शकों हुए रोमांचित

**स्ट्राइक्सर्स, टाइटन्स, वारियर्स टीमें जीतीं**




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के मुख्यालय जबलपुर में अंतर विभागीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत ट्रांसको प्रीमियर क्रिकेट लीग 2025 के तीसरे दिन आज,प्रतीक , बालकृष्ण एवं नीतिन सोनी

के चमकीले प्रदर्शन ने जहाँ अपनी अपनी टीमों को जीत दिलाई वहीं दर्शकों को भी अपनी चमत्कृत बल्लेबाजी से रोमांचित कर दिया। आज का दिन पूरी तरह बल्लेबाजों का रहा।

प्रतियोगिता के तीसरे दिन के पहले मैच में टाइटन्स ने जायंट्स को 06 विकेट से हराया। जायंट्स टीम ने लोकेश के 14 रन की मदद से निर्धारित ओवरों में 59 रन बनाये। जबाव में नीतिन सोनी के धुंआधार 30 रन की बदौलत टाइटन्स ने 04 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली।

दूसरे मैच में बालकृष्ण की दमदार प्रदर्शन से

स्ट्राइकर्स ने राइडर्स को 07 विकेट से हराया। राइडर्स टीम ने अमीन के 33 रन की मदद से निर्धारित ओवरों में 75 रन बनाये। जबाव में बालकृष्ण के धुंआधार 40 रन की बदौलत स्ट्राइकर्स ने 03 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली।

अन्य मुकाबले में वारियर्स ने सुपर किंग्स पर 57 रन की दमदार विजय हासिल की।

प्रतीक के तेज तर्रार बनाये 45 रन की बदौलत वारियर्स ने 12 ओवरों में 6 विकेट खोकर 132 रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया। आशीष ने 28 रन का योगदान दिया। जवाब में सुपर किंग्स की टीम निर्धारित 12 ओवर में 9 विकेट पर 75 रन ही बना सकी। मुकेश ने 27 और अजय ने 16 रन बनाकर हार बचाने का असफल प्रयास किया। मिथिलेश ने तीन और प्रतीक ने दो विकेट हासिल किये।

## जबलपुर से भी निकलेगी सनातन धर्म पद यात्रा विभिन्न हिन्दूवादी संगठन, समितियां और संस्थाएं होंगी शामिल



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संस्कारधानी के विभिन्न हिन्दूवादी संगठन, समितियां व संस्थाओं के संयुक्त तत्वावाधान में सनातन धर्म पद यात्रा निकाले जाने का निर्णय लिया गया। यह पदयात्रा सनातन एकता मंच एवं सभी सनातनी संगठन के बैनर तले 19 जनवरी दिन रविवार को दोपहर 12 से 3 बजे तक निकाली जाएगी।

सनातन धर्म पदयात्रा सिविक सेंटर, करमचंद चौक, तुलाराम चौक, अंधेरदेव, कमानिया गेट, बड़ा फु हारा, लार्डगंज, सुपर मार्केट, मालवीय चौक होते हुए पुन- वन्दे मातरम चौक सिविक सेंटर में पहुंची, यहां पर एक संबोधन उपरांत यात्रा का समापन होगा। जिसमें एक कदम सनातन हिन्दू राष्ट्र की ओर, अभी नहीं तो कभी नहीं, छुआ छूत की करो विदाई हम सब हिन्दू भाई भाई सहित अन्य के नारे से सभी को एक सूत्र में पिरोने का काम किया जाएगा। सनातन धर्म पद यात्रा के संबंध में विगत दिवस बल्देवबाग में बैठक आयोजित हुई। जिसमें सभी संगठनों, समितियों, संस्थाओं व विभिन्न समाज के पदाधिकारीगण मौजूद रहे। जिन्होंने इस यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

## रॉयल स्टैग बूमबॉक्स-अपने तीसरे संस्करण के साथ लेकर आ रहा है अनुभवात्मक संगीत समारोह

मुंबई- सीग्राम रॉयल स्टैग बूमबॉक्स अपने तीसरे संस्?करण के साथ वापस आ रहा है, जो समकालीन हिप-हॉप बीट्स के साथ बॉलीवुड की प्रतिष्ठित धुनों को एक अद्भुत मिश्रण पेश करेगा। मिर्ची द्वारा निर्मित इस सीजन के साथ, प्रभावी संगीत समारोह 14 जनवरी, 2025 को मुंबई में एक विशेष मीडिया ब्रीफिंग में अपने आगामी लाइनअप का प्रदर्शन किया जाएगा. यह अनूठा सांस्?कृतिक फ्यूजन पारंपरिक और आधुनिक भारतीय संगीत के मिश्रण को फिर से परिभाषित करना जारी रखेगा, जो ब्रांड के 'लिविंग इट लार्ज'दर्शन के अनुरूप है।

ब्रांड के लिए उपभोक्ताओं के साथ सीधे जुड़ने का संगीत एक प्रमुख स्तंभ है। रॉयल स्टैग बूमबॉक्स हिप-हॉप की रॉ एनर्जी के साथ बॉलीवुड की कालातीत धुनो को एक साथ लाता है, जो आज की पीढ़ी के लिए जनरेशन लार्ज की मूल ध्?वनि का निर्माण करता है। त्योहार का अनूठा प्रारूप एक अलग ध्वनि बनाता है जो आज के युवाओं के साथ प्रतिध्वनित होता है- एक ऐसा चलन जो रुझानों का अनुसरण करने के बजाये खुद अपने आप को बनाता है। यह त्योहार चार प्रमुख युवा केंद्रों- हैदराबाद, मुंबई, गुरुग्राम और गुवाहाटी का दौरा करेगा- जिसमें अत्याधुनिक इंटरैक्टिव अनुभवों के साथ प्रमुख संगीतमय कार्यक्रम शामिल होंगे। पिछले दो संस्करणों ने इन शहरों में करीब एक लाख लोगों को आकर्षित किया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 20 करोड़ से ज्यादा व्यू मिले हैं। उपस्थित लोग कला प्रतिष्?ठानों, एआर/वीआर तकनीक के साथ-साथ एआई संचालित पर्सनलाइजेशन के साथ भी जुड़ सकते हैं। इसके अलावा, प्रसिद्ध स्?थानीय कलाकारों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा। इस साल, प्लेटफॉर्म ने अत्?याधुनिक मार्केटिंग एजेंसी एम्पवर्स डीएमआई पल्?स के साथ भी करार किया है,

# महाकुम्भ मेला के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल चला रहा 08 जोड़ी स्पेशल ट्रेन

जबलपुर। रेल प्रशासन द्वारा महाकुम्भ मेला के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से ओरिजिनेट होने वाली कुल 08 जोड़ी विशेष रेल गाड़ियों का संचालन से कुल मिलाकर 334 फेरों की सेवाएँ महाकुम्भ मेले के लिए दी जा रही हैं द्ध पश्चिम मध्य रेल से संचालित होने वाली कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है ~-

1. रानी कमलापति-बनारस-रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन (12 सेवाएं)

गाड़ी संख्या 01661 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 16.01.2025 से 20.02.2025 तक प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को सुबह 11~10 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान करेगी और दूसरे दिन सुबह 10~15 बजे बनारस पहुँचेगी। (06 सेवाएं)

गाड़ी संख्या 01662 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 17.01.2025 से 21.02.2025 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दोपहर 14~45 बजे बनारस से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 11~30 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी। (06 सेवाएं)

ठहराव ~- मण्डीदीप, औबेदुल्लागंज, बुदनी, नर्मदापुरम, इटारसी, सोहागपुर, पिपरिया, गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदनमहल, जबलपुर जंक्शन, देवरी, सिहोरा रोड, कटनी जंक्शन, झुकेही, मैहर, सतना जंक्शन, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर एवं चुनार।

2. सोगरिया-बनारस-सोगरिया स्पेशल ट्रेन (14 सेवाएँ)

गाड़ी संख्या 09801 / 09802 सोगरिया-बनारस-सोगरिया के मध्य 07-07 ट्रिप स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह गाड़ी से सोगरिया से 17 जनवरी से 21 फरवरी के दरम्यान सप्ताह में दो दिन मंगलवार एवं शुक्रवार सोगरिया स्टेशन से तथा 18 जनवरी से 22 फरवरी के दरम्यान सप्ताह में दो दिन बुधवार एवं शनिवार को बनारस स्टेशन से चलेगी।

इस स्पेशल गाड़ी में 5 स्लीपर, 4 थर्ड एसी, 7 थर्ड एसी इकोनामी, 2 सेकेंड एसी, 2 सामान्य श्रेणी कोच, 1 एसएलआर एवं 1 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोच है।

**इन रेल गाड़ियों से यात्रियों को कुल मिलकर 334 फेरों की सेवाएँ प्राप्त होंगी**

ठहराव~- अन्ता, बारां, अटरू, छबरा गुगोर, रूठियाई, गुना, अशोक नगर, मूंगावली, मालखेड़ी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार ।

3. रीवा-मानिकपुर के मध्य मेला स्पेशल ट्रेन (32 सेवाएँ)

गाड़ी संख्या 08248 रीवा-मानिकपुर अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 12 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 तक (04 ट्रिप), 28 जनवरी 2025 से 30 जनवरी 2025 तक (03 ट्रिप), 02 फरवरी 2025 से 04 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप), 11 फरवरी 2025 से 13 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप) एवं 25 फरवरी 2025 से 27 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप) रीवा स्टेशन से सुबह 06~45 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 10~15 बजे मानिकपुर स्टेशन पहुंचेगी। (कुल 16 ट्रिप)

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08247 मानिकपुर-रीवा अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 12 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 तक (04 ट्रिप), 28 जनवरी 2025 से 30 जनवरी 2025 तक (03 ट्रिप), 02 फरवरी 2025 से 04 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप), 11 फरवरी 2025 से 13 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप) एवं 25 फरवरी 2025 से 27 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप) मानिकपुर स्टेशन से सुबह 11~15 बजे प्रस्थान कर उसी दिन दोपहर 14~30 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। (कुल 16 ट्रिप)

ठहराव~- तुर्की रोड, बगहाई रोड, हिनौउता रामबन, कैमा, जैतवार एवं मझगवां

4. बाँदा-कटनी के मध्य अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन (44 सेवाएँ)

गाड़ी संख्या 01813 बाँदा-कटनी अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 12 जनवरी 2025 से 16 जनवरी 2025 तक (05 ट्रिप), 28 जनवरी 2025 से 05 फरवरी 2025 तक (09 ट्रिप), 11 फरवरी 2025 से 14 फरवरी 2025 तक (04 ट्रिप) एवं 25 फरवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक (04 ट्रिप) बाँदा स्टेशन से रात्रि 19~10 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन प्रात: 05~15 बजे कटनी स्टेशन पहुंचेगी। (कुल 22 ट्रिप) द्ध इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01814 कटनी-बाँदा अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 13 जनवरी 2025 से 17 जनवरी 2025 तक (05 ट्रिप)), 29 जनवरी 2025 से 06 फरवरी 2025 तक (09 ट्रिप), 12 फरवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 तक (04 ट्रिप) एवं 26 फरवरी 2025 से 01 मार्च 2025 तक (04 ट्रिप) कटनी स्टेशन से सुबह 07~00 बजे प्रस्थान कर उसी दिन दोपहर 14~50 बजे बाँदा स्टेशन पहुंचेगी। (कुल 22 ट्रिप)

ठहराव~- डिंगवाह, खुरहंड, अतर्रा, बदौसा, भरतकूप, शिवरामपुर, चित्रकूटधाम कर्वी, खोह, बहिलपुरवा, सतना एवं मैहर द्ध

5. कटनी - मानिकपुर के मध्य मेला स्पेशल ट्रेन (32 सेवाएँ)

गाड़ी संख्या 09015 कटनी-मानिकपुर अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 12 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 तक (04 ट्रिप), 28 जनवरी 2025 से 30 जनवरी 2025 तक (03 ट्रिप), 02 फरवरी 2025 से 04 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप), 11 फरवरी 2025 से 13 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप) एवं 25 फरवरी 2025 से 27 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप) कटनी स्टेशन से प्रात: 05~40 बजे प्रस्थान कर उसी दिन दोपहर 12~15 बजे मानिकपुर स्टेशन पहुंचेगी। (कुल 16 ट्रिप) इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09016 मानिकपुर-कटनी अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 12 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 तक (04 ट्रिप), 28 जनवरी 2025 से 30 जनवरी 2025 तक (03 ट्रिप), 02 फरवरी 2025 से 04 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप), 11 फरवरी 2025 से 13 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप) एवं 25 फरवरी 2025 से 27 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप) मानिकपुर स्टेशन से दोपहर 12~45 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात्रि 20~50 बजे कटनी स्टेशन पहुंचेगी। (कुल 16 ट्रिप)

ठहराव~- पटवारा, झुकेही, पकरिया रोड, अमदरा, भदनपुर, मैहर, उंचेहरा, लगरगवां, सतना, सगमा, जैतवार, खुटहा, चितहरा, मझगवां, टिकरिया, मारकुण्डी, बारामाफी एवं बांसापहाड़



भोपाल-उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने निवास कार्यालय में जनसंवेदना संस्थापक राधेश्याम अग्रवाल की मासिक पत्रिका मुक्ति की उड़ान पत्रिका का विमोचन किया। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने श्री अग्रवाल को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके द्वारा सामाजिक क्षेत्रों में दी जा रही सेवाओं को अनुकरणीय बताया। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि श्री अग्रवाल पिछले दो दशकों से गरीबों, वंचितो की सेवा कर रहे हैं, उनके द्वारा लावारिश लाशों का अंतिम संस्कार, बेसहारा लड़कियों की शादी, पढाई का जिम्मा उठाना, नियमित रूप से एम्स अस्पताल में गरीबों की भोजन व्यवस्था की जा रही हैं।





भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। प्रदेश को वर्ष 2028 तक गरीबी मुक्त बनाने का महत्वाकांक्षी निर्णायक कदम उठाते हुए मंत्रि-परिषद ने %गरीब कल्याण मिशन% के क्रियान्वयन की स्वीकृति दी। मिशन का उद्देश्य राज्य के गरीब और वंचित वर्गों का आर्थिक उत्थान करते हुये उनकी आय को न्यूनतम आय के स्तर तक लाना है। गरीब कल्याण मिशन संयुक्त रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से क्रियान्वित किया जायेगा।

## डायल-100 सेवा के द्वितीय चरण के संचालन के लिए 1565 करोड़ रूपये की स्वीकृति

# प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने गरीब कल्याण मिशन के क्रियान्वयन की स्वीकृति

गरीब कल्याण मिशन मुख्यत: तीन घटकों यथा बहु-आयामी गरीबी इण्डेक्स में सुधार, आजीविका सुदृढ़ीकरण और विद्यमान संगठनों के सशक्तिकरण पर केन्द्रित है। बहु आयामी गरीबी इण्डेक्स के मुख्य बिन्दु महिलाओं और बच्चों का पोषण सुनिश्चित करना, शिशु मृत्यु दर कम करना, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य सुनिश्चित करना, माध्यमिक शिक्षा सुनिश्चित करना, माध्यमिक कक्षा तक के छात्रों की स्कूल में उपस्थिति, भोजन पकाने के लिए समुचित ईंधन उपलब्धता, स्वच्छता, पेयजल उपलब्धता, विद्युत कनेक्शन, आवास निर्माण, परिवारों के पास संसाधन उपलब्धता, बैंक खाता की उपलब्धता के साथ वित्तीय समावेश में सुधार किया जायेगा।

गरीब कल्याण मिशन-2028, स्थानीय समुदाय के सशक्तिकरण के माध्यम से वर्तमान शासकीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुये राज्य की जनता को आत्मनिर्भरता और समृद्धि के पथ पर अग्रसर करने में सहायक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ष-2024 के स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर %गरीब कल्याण मिशन-2028% की घोषणा की थी।

शासकीय भवनों में सोलर रूफ टॉप संयंत्रों की स्थापना की स्वीकृति मंत्रि-परिषद द्वारा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत प्रदेश के शासकीय भवनों में सोलर रूफ टॉप संयंत्रों की स्थापना की स्वीकृति दी है। सोलर रूफ टॉप संयंत्रों की स्थापना मिशन मोड में वर्ष 2025-26 तक की जाना है। जिला स्तर पर 20 किलोवॉट और उससे अधिक क्षमता वाले शासकीय भवनों को एग्रीगेट कर निविदा के माध्यम से रेस्को पद्धति या कैपेक्स मोड में म.प्र. ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड द्वारा योजना का क्रियान्वयन किया जायेगा। केन्द्र सरकार द्वारा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना प्रारम्भ की गई है। इस योजना के विभिन्न घटकों में घरेलू क्षेत्र में सोलर रूफ टॉप की स्थापना के साथ ही प्रदेश के शासकीय भवनों में सोलर रूफ टॉप संयंत्रों की स्थापना की जाना है। सभी शासकीय भवनों में सोलर रूफ टॉप संयंत्र की स्थापना एवं संचालन की मॉनिटरिंग पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत निर्मित की गई राज्य स्तरीय समन्वय समिति एवं जिला स्तरीय समिति द्वारा की जायेगी। सभी विभाग अपने भवनों पर और सभी जिला कलेक्टर जिले के शासकीय भवनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिये एक्शन प्लान तैयार कर राज्य स्तरीय समन्वय समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इस योजना के सफल एवं दक्षतापूर्ण क्रियान्वयन से निश्चित ही प्रदेश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा।

मंत्रि-परिषद द्वारा एकीकृत पुलिस कॉल सेन्टर एवं नियंत्रण कक्ष तंत्र (डायल-100) सेवा के द्वितीय चरण अप्रैल-2025 से सितम्बर-2030 तक (5 वर्ष 06 माह) के संचालन के लिए 1200 फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल (एफआरवी) के साथ कुल अनुमानित राशि 1565 करोड़ रूपये की परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गयी।

मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना को वर्ष 2025-26 तक निरंतर रखे जाने का निर्णय मंत्रि-परिषद द्वारा मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना को आगामी 2 वर्षों (वर्ष 2024-25 एवं वर्ष 2025-26) में निरंतर रखे जाने का निर्णय लिया गया है। योजना में ग्रामीण तालाबों में मत्स्य बीज उत्पादन/ मत्स्यपालन, ग्रामीण तालाबों में झींगा पालन, मत्स्यपालकों को प्रशिक्षण, किसान क्रेडिट कार्ड (ब्याज अनुदान), स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना, एकीकृत सूचना प्रणाली का विकास, राज्य मछली महाशीर का संरक्षण आदि कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए राशि 100 करोड़ रूपये राज्यांश स्वीकृत किया गया है।

प्रत्येक जिले में पुलिस बैण्ड की स्थापना के लिए नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश के जिलों में पुलिस बैण्ड की स्थापना के लिए कुल 932 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें 10 निरीक्षक बैण्ड, 38 उप निरीक्षक बैण्ड, 72 सहायक उप निरीक्षक बैण्ड, 170 प्रधान आरक्षक बैण्ड और 642 आरक्षक बैण्ड के पद शामिल है।

# योग्य अभ्यर्थियों को समय पर मिले प्रवेश-उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल-(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में 12वीं में हिंदी विषय न पढ़ने वाले अभ्यर्थियों के चयन में आई विसंगतियों का संज्ञान लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि इंडियन नर्सिंग काउंसिल के मानकों के अनुरूप आवश्यक प्रावधान कर इस समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को समय पर प्रवेश मिल सके। उन्होंने फार्मेसी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाने केलिए फार्मेसी काउंसिल के नियमों में आवश्यक सुधार करने के निर्देश भी दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में विभागीय विषयों की समीक्षा की।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन आयोग और लोक सेवा आयोग के माध्यम से चल रही विभागीय भर्ती प्रक्रियाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कैबिनेट स्वीकृत पदों की भर्ती की कार्यवाही निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही कैबिनेट अनुमोदन के लिए मेडिकल कॉलेजों में पे-प्रोटेक्शन का प्रावधान, तीन नवीन जिला चिकित्सालयों में पदों की स्वीकृति के प्रस्ताव की औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण करने के लिये कहा।

राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, प्रमुख सचिव श्री संदीप यादव, आयुक्त स्वास्थ्य श्री तरुण राठी, रजिस्ट्रार मध्यप्रदेश नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल श्री के.के. रावत सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाबा साहेब को जो वर्ग भगवान मानता है, अमित शाह ने संसद में उसका अपमान किया-जीतू पटवारी

देवास (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज देवास जिले के कन्नौद, बागली और हाटपिपल्या विधानसभा क्षेत्रों में संगठनात्मक चर्चा एवं आगामी 27 जनवरी 2025 को डॉ. भीम राव अंबेडकर जी की जन्मस्थली महूं में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी सहित देश ङ्क प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित जय बापू-जय भीम-जय संविधान अभियान रैली की तैयारियों को लेकर स्थानीय कांग्रेसजनों की बैठक ली। जीतू पटवारी ने देवास जिले के प्रवास के दौरान प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि हर मंगलवार समय मांगता हूं, मैं किसानों के दर्द और उनकी पीड़ा को लेकर आपके पास आना चाहता हूं, लगातार 18 मंगलवार हो गये हैं, पर आप समय नहीं दे रहे हैं। आपने 2700 गेहूं, 3100 धान, 6000 सोयाबीन और 24 घंटे बिजली देने का किसानों से वादा किया था। मप्र के 80 प्रतिशत किसान आज कर्ज में है। पूरे देश में सिंधु वॉडर पर एमएसपी की गांरटी को लेकर किसानों की हड़ताल चल रही है। शिवराज जी आप फोटो सेसन करते हैं, प्रदेश में झूठ बालेकर गये और अब देश में झूठ बोल रहे हैं। अब दिल्ली के चुनाव में भी किसानों से झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कमलनाथ सरकार द्वारा किसानों की ऋणमाफी योजना को आपने अधूरी क्यों छोड़ दी? शिवराज जी, वॉडर पर जो किसान मर रहे हैं उनकी सुध ले। शिवराज जी अगले मंगलवार के दिन मिलने का समय दें। पटवारी ने कहा कि संसद में अमित शाह ने बाबा साहेब का जो अपमान किया, मखौल और उनका मजाक उड़ाया यह देश के संविधान के साथ मजाक है, उस वर्ग के साथ भद्दा मजाक हैं जो बाबा साहेब को अपना भगवान मानता है। वीडी शर्मा की संक्षिप्त सोच, मीडिया का उपयोग करके अपने पापों को छुपाना भाजपा की ओछी मानसिकता का परिचायक है।

## रीवा में विवाद, अपने दल क विधायक की तस्वीर पर लगा दिया सफेद रंग

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश भाजपा अपने नेताओं की अंतर्कलह को लेकर विपक्षी दल क निशाने पर है। सागर में नेताओं की खींचतान के बाद अब रीवा का एक मामला सुर्खियों में ह। यहां पार्टी के विधायक ने सोशल मीडिया में एक तस्वीर शेयर करने से पहले अपने ही दल के एक विधायक की तस्वीर को सफेद रंग से ढक दिया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहडोल रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव को लेकर वर्चुअल बैठक ली थी। इसमें मुख्यमंत्री के साथ डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल, त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी, मनगंवा विधायक नरेंद्र प्रजापति ओर कई अन्य नेता व अधिकारी भी कान्फ्रेंस रूम में मौजूद थे। मनगवां से भाजपा विधायक नरेंद्र प्रजापति ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के साथ हुई वीडियो कान्फ्रेसिंग की अपने सोशल मीडिया हैंडल पर चार तस्वीरें पोस्ट कीं, इसमें से एक तस्वीर में उन्होंने त्योंथर के विधायक सिद्धार्थ तिवारी की सफेद रंग से ढक दिया। जैसे ही यह फोटो सोशल मीडिय पर वायरल हुई, विधायक तिवारी के समर्थकों ने प्रजापति को घेरना शुरु कर दिया। इस पर प्रजापति ने सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने तिवारी को सफेद रंग से कवर किया, काले रंग से नहीं। हालांकि विरोध के बाद विधायक प्रजापति ने करीब 12 घंटे बाद पोस्ट को डिलीट कर दिया, जबकि पहले उन्होंने इसे हटाने से इंकार किया था। इसक मामले में कांग्रेस ने तंज़ कसा है। उनके नेताओं ने कहा कि ये लोक एक-दूसरे पर कालिख भी पोतने में पीछे नहीं रहेंगे। वह दिन दूर नहीं जब वे एक-दूसरे के मुंह पर कालिख पोतेंगे।

### खाद्य मंत्री राजपूत ने केन्द्रीय खाद्य मंत्री जोशी के साथ हुई वीसी में दी जानकारी

# गेहूँ खरीदी के लिये 20 जनवरी से होगा किसानों का पंजीयन



भोपाल-(आरएनएस) गेहूँ खरीदी के लिये किसानों का ऑनलाइन पंजीयन आगामी 20 जनवरी सोमवार से शुरू होगा। गेहूँ खरीदी के लिये 4 हजार उपार्जन केन्द्र बनाये जायेंगे। गत वर्ष 3800 उपार्जन केन्द्र बनाये गये थे। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने यह जानकारी केन्द्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री प्रहलाद जोशी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दी। केन्द्रीय मंत्री श्री जोशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से गेहूँ उपार्जन की तैयारियों की राज्यवार समीक्षा कर रहे थे।

केन्द्रीय मंत्री श्री जोशी ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता लायें। किसानों को गेहूँ उपार्जन के बाद जल्द से जल्द भुगतान सुनिश्चित करें। रजिस्ट्रेशन जल्द शुरू करें। उन्होंने कहा कि क्वालिटी कंट्रोल में जिम्मेदार लोगों की ड्यूटी लगायें खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि प्रदेश में इस वर्ष उपार्जन केन्द्रों पर गेहूँ की मेकेनाइज्ड क्लीनिंग के लिये मशीन लगाने का प्रस्ताव है। इससे खराब गेहूँ की खरीदी रुकेगी। उन्होंने समितियों को दिये जाने वाले कमीशन की राशि बढ़ाने की बात कही। मंत्री श्री राजपूत ने गेहूँ और चावल के द्वितीय त्रैमास के प्रावधानित अनुदान देयक एवं फोर्टिफाइड राइस आदि मदों की लंबित राशि शीघ्र उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने बताया कि उपार्जन के संबंध में उत्तर प्रदेश में की जा रही कार्रवाई के अध्ययन के लिये एक टीम लखनऊ भेजी जा रही है। इस दौरान आयुक्त खाद्य श्री सिबि चक्रवर्ती सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा नेत्री से दुष्कर्म मामले में भाजपा नेता गिरफ्तार

रीवा/सीधी (आरएनएस)। सीधी जिले में भाजपा नेत्री से दुष्कर्म के मामले में कोतवाली पुलिस ने भाजपा के नेता अजीत पाल सिंह को गत दिवस रीवा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं भाजपा के सीधी जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह ने शाम को ही पत्र जारी कर दुष्कर्म के आरोपित को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया। भाजपा नेता के खिलाफशहर की वरिष्ठ नेत्री ने दुष्कर्म की शिकायत पुलिस अधीक्षक डॉ. रवींद्र वर्मा से की थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव ने जांच के बाद मामला पंजीबद्ध कर आरोपित को रीवा से गिरफ्तार कर लिया। महिला नेत्री ने भाजपा नेता अजीत पाल सिंह पर दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग की शिकायत दर्ज कराई थी। अपनी शिकायत में महिला ने अजीत पाल सिंह का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर लाखों रुपये ऐंठने को भी गंभीर आरोप लगाया है कि विधायक का टिकट दिलाने का झांसा देकर आरोपित अजीत पाल सिंह ने उसे अपने जाल में फंसाया व दुष्कर्म कर उसके अश्लील फोटो-वीडियो बना लिए और बहुप्रसावित करने की धमकी देकर पैसे ऐंठ लिए। पुलिस के अनुसार अजीत पाल सिंह की गिरफ्तारी के बाद कोर्ट में पेश किया गया वहां से अजीत पाल सिंह को जेल भेज दिया गया।

### ऊर्जा विकास निगम के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की ली मीटिंग

# ऊर्जा निगम में सहायक यंत्रियों की पदपूर्ती करें -मंत्री शुक्ला



भोपाल (आरएनएस) नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने मंत्रालय में मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम की 193वीं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक ली। उन्होंने ऊर्जा निगम में सहायक यंत्रियों के रिक्त पदों की पूर्ति करने के निर्देश दिये। मंत्री श्री शुक्ला ने सीएसआर कमेटी और कुसुम-सी योजना के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिये। मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार योजना से अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित किया जाये। मंत्री श्री शुक्ला ने बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की 192वीं बैठक में दिये गये निर्देशों पर की गयी कार्यवाही का अनुमोदन किया। उन्होंने अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर निगम की गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव नवकरणीय ऊर्जा श्री मनु श्रीवास्तव, प्रबंध संचालक ऊर्जा विकास निगम श्री अमनवीर सिंह बैंस और निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आधुनिक तकनीक से होगा विमुक्त, घुमंतु और अर्ध घुमंतु समुदायों का शैक्षणिक विकास

भोपाल-(आरएनएस) विमुक्त, घुमन्तु और अर्ध घुमन्तु कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्ध घुमन्तु समुदाय के बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए सरकार लगातार नए नवाचार कर रही है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर की मौजूदगी में विमुक्त, घुमन्तु और अर्ध घुमन्तु कल्याण विभाग और %सशक्तिकरण% सामाजिक संस्था के बीच सहमति पत्र पर हस्ताक्षर हुए।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि एमओयू से विमुक्त, घुमन्तु और अर्ध घुमन्तु समुदायों के विद्यार्थियों को अक्षर एवं अंक ज्ञान से शिक्षा के क्षेत्र में सशक्त बनाया जावेगा। यह कार्य विमुक्त, घुमन्तु और अर्ध घुमन्तु कल्याण विभाग की ओर चलाए जा रहे छात्रावासों में कमजोर अपेक्षित समुदायों के पहली से पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों को विभाग से बिना आर्थिक मदद लिये %सशक्तिकरण% सामाजिक संस्थान द्वारा स्वयं के मद से किया जावेगा। संस्थान की ओर से नियुक्त महिला शिक्षा साथी चिंपल ऐप की सहायता से स्केलेबल मूलभूत साक्षरता कक्षायें लेंगी। सहमति पत्र पर विमुक्त,

### राज्यमंत्री श्रीमती गौर की मौजूदगी में सहमति पत्र पर हुए हस्ताक्षर



घुमन्तु और अर्ध घुमन्तु कल्याण विभाग की ओर से विमुक्त, घुमन्तु और अर्ध घुमन्तु कल्याण विभाग के संचालक श्री नीरज वशिष्ठ की उपस्थिति में, उप संचालक डॉ. दीप्ति सुदीप कोटस्थाने और संस्था की ओर से सुश्री श्रुति श्रीवास्तव ने हस्ताक्षर किए। ये कक्षाएं स्कूल समय के पश्चात लगाई जायेंगी। संस्थान ऐप के माध्यम से इन विद्यार्थियों की विषय को समझने की क्षमता की रिपोर्ट से विभाग को समय-समय पर प्रस्तुत करेगा। इसके साथ विद्यार्थियों को बाल अधिकार एवं पॉक्सो एक्ट के संबंध में जागरूक किया जायेगा। विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्ध घुमन्तु कल्याण विभाग ने यह पहल छात्रावासों/आश्रमों में निवासरत छात्र-छात्राओं को हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में अक्षर ज्ञान एवं गणित में अंक ज्ञान की शुद्धता की दृष्टि से की है। पहले चरण में विभाग द्वारा संचालित चार छात्रावासों में प्रारंभ किया जा रहा है। इसके जरिए प्राथमिक विद्यालय के छात्रों के बीच मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (एफएलएन -फाउंडेशनल लिट्रेसी एंड न्यूमरेसी) के साथ कौशल विकास किया जा सके। वर्तमान में इस पहल के लिए विमुक्त, घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु कल्याण विभाग के शासकीय बालक विमुक्त जाति प्री-मैट्रिक छात्रावास नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़, शासकीय विमुक्त जाति आश्रम इब्राहिमपुरा बैरसिया जिला भोपाल, विमुक्त जाति कन्या छात्रावास ओबेदुल्लागंज जिला रायसेन और विमुक्त जाति बालक छात्रावास ओबेदुल्लागंज जिला रायसेन को शामिल किया गया है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा है कि इस पहल से समाज के अंतिम छोर के व्यक्तियों एवं विद्यार्थियों का अक्षर ज्ञान से पढ़ने, लिखने और अंक ज्ञान से गणित समझने की क्षमता को विकसित किया जा सकेगा। आधुनिक तरीके से बच्चों को शिक्षा देने का ये कदम उनके जीवन में कई सकारात्मक बदलाव लाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से हम शिक्षा के लोकतंत्रीकरण की ओर मजबूत कदमों के साथ आगे बढ़ रहे हैं, इससे शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल डिवाइड और नॉलेज गैप को भी कम किया जाएगा। छात्रावासों में 5वीं कक्षा तक के छात्रों की संख्या के 20त्न टैबलेट प्रदान किए जाएंगे। एक टैबलेट पर 5 छात्रों की आईडी बनाई जाएगी। छात्रावास के नज़दीकी इलाके से एक महिला को भर्ती कर प्रशिक्षित किया जा रहा है, इन्हें शिक्षा साथी कहा जाता है।



अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले पर महाराष्ट्र के सीएम देवेन्द्र फडणवीस का बड़ा बयान सामने आया है। फडणवीस ने कहा कि पुलिस ने आपको इस संबंध में सारी जानकारी दे दी है। ये किस तरह का हमला है, इसके पीछे असल में क्या है और हमले के पीछे क्या मंशा थी ये सब आपके सामने है। शहर के बांद्रा इलाके में अभिनेता सैफ अली खान पर बीती रात उनके घर के अंदर चाकू से हमला करने वाले अज्ञात घुसपैठिए की सीसीटीवी फुटेज पुलिस को मिल गई है और घटना की जांच के लिए 10 टीम गठित की गई हैं।

# दुश्मन सावधान! पीएम मोदी ने नौसेना को सौंपे 3 युद्धपोत, बोले- 'नौसेना को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम

मुंबई (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तीन अग्रणी युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 15 जनवरी को सेना दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। मैं हर उस बहादुर सैनिक को सलाम करता हूं जिन्होंने हमारे देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। मैं उन सभी साहसी नायकों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं जो मां भारती की रक्षा में डटे हुए हैं।

आज का दिन भारत की समुद्री विरासत, नौसेना के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत मिशन के लिए भी महत्वपूर्ण दिन है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने भारतीय नौसेना को नई ताकत और नई दृष्टि दी थी। आज उनकी पवित्र भूमि पर हम 21वीं सदी की नौसेना को मजबूत करने की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम उठा रहे हैं। यह पहली बार हो रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर, एक फ्रिगेट और एक सबमरीन को एक साथ कमीशन किया जा रहा है। गर्व की बात कि ये तीनों मेड इन इंडिया हैं।

पीएम मोदी ने आगे कहा, आज भारत को विश्व स्तर पर विशेषकर ग्लोबल साउथ में एक विश्वसनीय और जिम्मेदार भागीदार के रूप में पहचाना जाता है। भारत विस्तारवाद की नहीं, विकास की भावना से काम करता है। भारत ने हमेशा खुले, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है। जब तटीय देशों के विकास की बात आई तो भारत ने सागर का मंत्र दिया। सागर का मतलब क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास है।

उन्होंने आगे कहा, भारत पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में भी उभरा है। पिछले कुछ महीनों में हमारी नौसेना ने सैकड़ों लोगों की जान बचाई है और हजारों करोड़ रुपये के राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय कार्गो की सुरक्षा की है। इससे दुनिया का भारत पर भरोसा बढ़ा है। 21वीं सदी के भारत का सैन्य सामर्थ्य भी अधिक सक्षम और आधुनिक हो, ये देश की प्राथमिकताओं में से एक है। जल हो, थल हो, नभ हो, गहरा समुद्र हो या फिर अंतरिक्ष, हर जगह भारत अपने हितों को सुरक्षित कर रहा है। इसके लिए निरंतर रिफॉर्म किए जा रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर निर्माण फैक्ट्री कर्नाटक में स्थापित की गई है। सशस्त्र बलों के लिए परिवहन विमान बनाने की एक फैक्ट्री का संचालन भी शुरू हो गया है। लड़ाकू विमानों में भारत की प्रगति नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं और तमिलनाडु रक्षा उत्पादन को और बढ़ावा देगा। मुझे इस बात की भी खुशी है कि हमारी नौसेना ने मेक इन इंडिया अभियान का काफी विस्तार दिया है।

उन्होंने आगे कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारी विनिर्माण और निर्यात क्षमता भी लगातार बढ़ रही है। आने वाले वर्षों में भारत को सैकड़ों नए जहाजों और नए कंटेनरों की आवश्यकता होगी। इसलिए पोर्ट आधारित विकास का मॉडल हमारी अर्थव्यवस्था को गति देने वाला है। यह रोजगार के हजारों नए अवसर पैदा करने जा रहा है। हमारी सरकार का तीसरा कार्यकाल कई बड़े फैसलों के साथ शुरू हुआ है। हमने तेज गति से नई नीतियां बनाई हैं। देश की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नए काम शुरू किए गए हैं।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन युद्धपोतों को राष्ट्र को समर्पित किया, आत्मनिर्भर भारत को बताया मील का पत्थर**

मुंबई (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारतीय नौसेना के लिए ऐतिहासिक क्षण में तीन प्रमुख युद्धपोत, ढ्ढहृस् सूरत, ढ्ढहृस् नीलगिरि, और ढ्ढहृस् वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने नौसेना की समृद्ध परंपरा और आत्मनिर्भर भारत के प्रति देश की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, 15 जनवरी को सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मैं देश की रक्षा में जुटे हर वीर-वीरांगना को नमन करता हूं।



प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ 2025 के तीसरे दिन भगवान शिव की पोशाक पहने एक साधु गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर प्रदर्शन करते हुए।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और सांसद सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने नई दिल्ली में नवनिर्मित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन के उद्घाटन के दौरान फीता काटा।

# न हो किसी के साथ अन्याय, समस्याओं पर तत्काल हो कार्रवाई : सीएम योगी

गोरखपुर (आरएनएस)। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहद सर्द मौसम में भी बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन किया। उन्होंने जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और त्वरित व संतुष्टि परक समाधान का भरोसा दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए, किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए।

गोरखनाथ मंदिर में बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टि परक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में किया गया था। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक व्यक्ति से मिले।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाया जाए।

गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बुधवार सुबह की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रात:काल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। इसके बाद वह मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में सीएम योगी ने चारों तरफ भ्रमण करते हुए गोवंश के रखरखाव की जानकारी ली। उन्होंने गोवंश को दुलारते हुए अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया।

**नौसेना को सौंपने से पहले ही क्रैश हुआ अडानी का ड्रोन, पोरबंदर में चल रही थी टेस्टिंग**

पोरबंदर (आरएनएस)। भारतीय नौसेना के लिए तैयार किए जा रहे दृष्टि 10 स्टारलाइनर ड्रोन का पोरबंदर तट पर परीक्षण के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर है। अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस द्वारा निर्मित इस ड्रोन का नौसेना को सौंपे जाने से पहले परीक्षण किया जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। दृष्टि 10 स्टारलाइनर एक मध्यम ऊंचाई वाला लंबी दूरी का ड्रोन है, जिसे इजरायली डिफेंस फर्म एल्बिट सिस्टम्स के सहयोग से विकसित

## राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी समेत तमाम नेताओं ने सेना दिवस की दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत तमाम नेताओं ने सेना दिवस के अवसर पर भारतीय सेना को शुभकामनाएं दी है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सेना दिवस पर मैं भारतीय सेना के जवानों, दिग्गजों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देती हूं। राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता सभी के लिए प्रेरणा है। मातृभूमि की सेवा में आपके द्वारा दिए गए अनगिनत बलिदानों को राष्ट्र कृतज्ञतापूर्वक याद करता है। संकटों और आपदाओं के दौरान आपका मानवीय कार्य आपकी करुणा का प्रमाण है। आपकी असाधारण वीरता और साहस आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पोस्ट पर लिखा, आज सेना दिवस पर हम भारतीय सेना के अटूट साहस को सलाम करते हैं, जो हमारे देश की सुरक्षा के प्रहरी के रूप में खड़ी है। हम उन बहादुरों के बलिदान को भी याद करते हैं जो हर दिन करोड़ों भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पोस्ट पर लिखा, सेना दिवस पर हमारे वीर भारतीय सेना के जवानों और उनके परिवारों को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में तीन नौसैनिक जहाजों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित किया।

## मोहन भागवत ने स्वतंत्रता सेनानियों का किया घोर अपमान : तेजस्वी यादव

पटना (आरएनएस)। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की ओर से राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन देश की आजादी की नई तारीख बताने पर बयानबाजी तेज हो गई है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का अब बस यही कहना बाकी रह गया है कि दलितों-पिछड़ों का आरक्षण खत्म होगा, तभी देश को असल मायनों में आजादी मिलेगी। आरएसएस प्रमुख ने आजादी के करोड़ों मतवालों, दीवाने देशभक्तों, असंख्य शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों का घोर अपमान किया है। उन्होंने आगे लिखा, संघ के लोगों का स्वतंत्रता संग्राम में अपना कोई योगदान नहीं था इसलिए ये अब बाकियों के योगदान को खत्म करने के नए प्रपंच रच रहे हैं। इनका संगठन तो स्वयं अंग्रेजों का दलाल और मुखबिर रहा है। दलितों-पिछड़ों, मेहनतकश एवं कृषक वर्गों के ऐतिहासिक योगदान को कमतर करना ही आरएसएस का हमेशा से उद्देश्य रहा है। मोहन भागवत, देश गुलामी की ओर अग्रसर है, डॉलर के मुकाबले रुपया सर्वकालिक निम्नस्तर पर है, उस पर ध्यान दीजिए। वहीं जहानाबाद में मीडिया से बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा,

# राहुल गांधी न देश समझते हैं, न संविधान - रविशंकर प्रसाद

पटना (आरएनएस)। कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी के भारतीय राज्यों से लड़ाई लड़ने के बयान पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब से भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी न देश समझते हैं, न संविधान।

पटना में पत्रकारों से चर्चा के दौरान सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आज तो उन्होंने यहां तक कह दिया कि वे %इंडियन स्टेट% का भी विरोध करेंगे। राहुल गांधी जिस प्रकार की भाषा बोलते हैं, वह माओवादी भाषा है। हम इसकी भर्त्सना करते हैं। मैं संसद में भी उनको समझा चुका हूं। उनकी आलोचना कर चुका हूं। वे न हिंदुस्तान समझते हैं और न संविधान समझते हैं। इसके कारण अनाप-शनाप बकबक करते हैं। उन्होंने कहा कि वो खुद तो कम पढ़ते हैं, जो उनको पढ़ाने वाले हैं, वे माओवादी हैं। दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी की लड़ाई अब राजनीतिक विरोधियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय राज्य की मशीनरी के खिलाफ है। बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में नए कांग्रेस मुख्यालय के उद्घाटन के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, बीजेपी या आरएसएस जैसे संगठनों ने हमारे देश की लगभग हर संस्था पर कब्जा कर लिया है। अब हमारी लड़ाई केवल उनसे ही नहीं, भारतीय राज्यों से भी है। वैचारिक लड़ाई का जिक्र करते हुए गांधी ने भारत के दो परस्पर विरोधी विचारधाराओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा, यह भारत में होने वाली मुख्य लड़ाई है। दो विचारधाराओं में टकराव है। एक हमारा विचार है संविधान का विचार और दूसरा आरएसएस का विचार है।

## मेहंदीपुर बालाजी में एक ही परिवार के 4 शव मिले, मचा हड़कंप; संकट के समाधान के लिए आए थे मंदिर

दौसा (आरएनएस)। मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में अपने संकट के समाधान के लिए आए एक ही परिवार के 4 शव धर्मशाला से बरामद हुए हैं। धर्मशाला का कर्मचारी जब सफाई करने के लिए रूम में पहुंचा तो उसने मौक पर चार शव पड़े देखे, जिसमें दो शव बिस्तर पर तो 2 शव नीचे पड़े हुए थे। धर्मशाला के कर्मचारी की सूचना पर पहुंची टोडाभीम थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

करौली एसपी ब्रजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि कमरे में मृत मिले चारों लोगों की मौत 2 से 3 घंटे पहले ही हुई है। चारों मृतक एक ही परिवार के सदस्य हैं, जिनमें पिता, मां और बेटा, बेटी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में सुरेंद्र कुमार पिता, मां कमलेश, बेटा नितिन, बेटी नीलम के शव मिले हैं। परिवार देहरादून का रहने वाला है। एसपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामले में अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। पुलिस द्वारा हर एंगल को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।



प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ 2025 के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी से आशीर्वाद लिया।



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और नई दिल्ली विधानसभा से उम्मीदवार अरविंद केजरीवाल ने नई दिल्ली में रा%य विधानसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

# रूसी सेना में फंसे भारतीयों को जल्द रिहा करो, एक और मौत पर भड़का विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली (आरएनएस)। यूक्रेन में चल रहे संघर्ष में एक और भारतीय नागरिक की जान चली गई है, जिसके बाद भारत सरकार ने रूस से उसकी सेना में सेवा दे रहे सभी भारतीय नागरिकों की तत्काल रिहाई की मांग की है। इस युद्ध में अब तक दस भारतीय नागरिकों की जान जा चुकी है।

विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी कि केरल के 31 वर्षीय बिनिल बाबू की युद्ध में मृत्यु हो गई। वह त्रिशूर जिले के कुट्टनेलूर के रहने वाले थे। रूश्च ने यह भी बताया कि इसी राज्य का एक अन्य नागरिक घायल हुआ है, जिसका वर्तमान में मॉस्को के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। मंत्रालय ने मृतक की परिस्थितियों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

यह मुद्दा पहले भी भारत सरकार द्वारा रूस के समक्ष उठाया गया है। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हुई दो बैठकों में भी इस विषय पर चर्चा की थी। भारत पहले भी रूस से सहायक स्टाफ, जैसे रसोइयों और सहायकों के रूप में रूसी सेना में काम कर रहे भारतीय नागरिकों की रिहाई की मांग कर चुका है।

रूश्च के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमें केरल के एक भारतीय नागरिक की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की सूचना मिली है, जिसे कथित तौर पर रूसी सेना में भर्ती किया गया था। एक अन्य नागरिक घायल है और उसका मॉस्को के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले को मॉस्को में रूसी अधिकारियों और नई दिल्ली में रूसी दूतावास के समक्ष कड़ाई से उठाया गया है। जायसवाल ने यह भी बताया कि मृतक के पार्थिव शरीर को भारत वापस लाने की प्रक्रिया जारी है और घायल व्यक्ति की जल्द रिहाई और स्वदेश वापसी के लिए रूस से आग्रह किया गया है।

भारत ने यह भी आरोप लगाया है कि कई भारतीय नागरिकों को धोखे से या गलत तरीकों से भर्ती एजेंटों द्वारा रूसी सेना में शामिल किया गया है। इस संबंध में, पिछले साल केंद्रीय जांच ब्यूरो (ष्टक्चढ्ढ) ने 19 व्यक्तियों और एजेंसियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था और कई गिरफ्तारियां भी की थीं। रूसी दूतावास ने पिछले साल बताया था कि अप्रैल 2024 के बाद भारतीय नागरिकों की भर्ती रोक दी गई है और वर्तमान में उनकी जल्द रिहाई सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले अक्टूबर में, भारतीय अधिकारियों ने जानकारी दी थी कि कुल 85 भारतीय नागरिकों को रूसी सेना से मुक्त करा लिया गया है,



साक्षी सागर मडोलकर, जो नामाकूल और अमेज़न की अपकमिंग सीरीज़ नॉक नॉक के लिए जानी जाती हैं, अब तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में धमाकेदार एंट्री करने जा रही हैं। उनकी पहली तेलुगु फिल्म मोगली 2025 होगी, जिसमें वह रोशन कनकाला के साथ नजर आएंगी। 14 जनवरी 2025 को फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज़ किया गया, जिसने फैंस के बीच खूब हलचल मचाई। साक्षी ने इस प्रोजेक्ट को अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बताया है। फैंस उनकी इस नई शुरुआत को लेकर काफी एक्साइटेड हैं।

# फिट रहना सिर्फ अच्छा दिखने के लिए नहीं, आत्मविश्वास के लिए भी जरूरी: सिमरन कौर



जमाई नंबर 1 में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सिमरन कौर फिटनेस फ्रीक हैं। अभिनेत्री ने बताया कि फिट रहने के लिए वह पिलेट्स (व्यायाम) और अच्छे-संतुलित आहार को अपनाती हैं। उनका कहना है कि उनकी फिटनेस ऑन-स्क्रीन भी उन्हें चुस्त-दुरुस्त दिखाती है।

अभिनेत्री ने बताया कि फिट रहने के लिए वह पिलेट्स (एक्सरसाइज) और अच्छे-संतुलित आहार को अपनाती हैं। उनका कहना है कि उनकी फिटनेस ऑन-स्क्रीन शानदार प्रस्तुति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

सिमरन ने कहा, मेरा मानना है कि फिट रहना सिर्फ अच्छा दिखने के लिए नहीं है। यह खुद को मजबूत और आत्मविश्वासी महसूस कराने के लिए भी है। पिलेट्स खास तौर पर मेरे लिए एक गेम-चेंजर रहा है। यह न केवल मुझे अपने शरीर को फिट बनाए रखने में मदद करता है, बल्कि मुझे काम पर फोकस करने के साथ ही खुश भी रखता है।

शो में अपने किरदार रिद्धि के बारे में उन्होंने बताया कि उनका किरदार एक दृढ़ निश्चयी, दबंग लड़की का है, जो जानती है कि उसे क्या चाहिए।

उन्होंने बताया कि ऑन-स्क्रीन फिट दिखने के लिए मैं अपने शरीर और बॉडी लैंग्वेज पर काम कर रही हूं और इसके लिए पिलेट्स से बेहतर क्या हो सकता है। एक अभिनेत्री के रूप में मैं इसके महत्व को समझती हूं।

उन्होंने आगे कहा, मेरी फिटनेस ऑन-स्क्रीन भूमिका को और भी खास बनाती है और इसी के साथ मैं शो में एक मजबूत बॉस गर्ल के किरदार को निभा पाती हूं।

पिछले महीने सिमरन ने साल 2024 में अपने सफर के बारे में बताया था।

उन्होंने कहा था, जो सबसे ज्यादा मायने रखता है, वह है अपने काम पर फोकस करना और चुनौतीपूर्ण समय में भी खुद पर विश्वास बनाए रखना। भगवान का शुक्र है कि कोई बड़ी बाधा नहीं आई और सब कुछ एक के बाद एक होता गया।

उन्होंने उल्लेख किया कि 2024 उनके लिए एक अच्छा साल रहा है और उम्मीद जताई कि 2025 पिछले साल से भी बेहतर होगा।

उन्होंने कहा, साल 2024 में मैंने कई तरह की चीजें हासिल कीं। मैंने दंगल पर आए शो 'तोसे नैना मिलाइके' किया, जो सुपरहिट रहा और लगभग 500 एपिसोड पूरे किए। मेरे किरदार को बहुत सराहना मिली, यह अद्भुत अनुभव था। अभिनेत्री ने बताया, दर्शकों ने मेरे किरदार से गहराई से जुड़ाव महसूस किया और मुझे काफी सराहना मिली। मुझे नहीं पता था कि मैं कॉमेडी किरदार को निभा सकती हूं, लेकिन यह बहुत अलग निकला और मैंने इसका पूरा आनंद लिया।

## दुनियाभर में बजा नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म डाकू महाराज का डंका, गेम चेंजर को पछाड़कर कूट डाले 56 करोड़

साउथ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की मोस्ट अवेटेड फिल्म डाकू महाराज रविवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल ने विलेन का रोल प्ले किया है। अपने ओपनिंग डे पर घरेलू बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली डाकू महाराज ने रिलीज के पहले दिन वर्ल्डवाइड कलेक्शन में भी कमाल कर दिया है और अपनी हैरतअंगेज कमाई से सभी को हैरान कर दिया है। आइए इस आर्टिकल में जानते हैं कि डाकू महाराज ने पहले दिन वर्ल्डवाइड कितने करोड़ की कमाई की है।

डाकू महाराज तेलुगु सिनेमा की नई पेशकश के तौर पर 12 जनवरी दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है।

# सोशल मीडिया सेंसेशन केट शर्मा ने दिखाया ग्लैमरस अंदाज, पिंक ड्रेस में गिराई बिजली



टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा अपनी बोल्डनेस से अक्सर फैंस के होश उड़ा देती हैं। उनके सारी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। केट शर्मा टीवी इंडस्ट्री का जाना-माना नाम हैं। वो आए दिन अपनी स्टनिंग और हॉट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं।

टीवी एक्ट्रेस और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर केट शर्मा ने हाल ही में नई ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. इन तस्वीरों में केट शर्मा ने पिंक कलर का सैटिन ड्रेस पहना है, जो उनके स्टाइलिश और सेंसुअस लुक को और भी आकर्षक बना रहा है. उन्होंने अपनी तस्वीरों को फ्लैट शूज़ के साथ पेयर किया है और एक हल्की सी ब्रैसलेट भी पहनी हुई है. उनका मेकअप सॉफ्ट और ग्लोइंग है, जो उनकी खूबसूरती को और बढ़ाता है. केट के बाल सॉफ्ट वेव्स में हैं, जो उनकी लुक को और भी एलिगेंट बनाते हैं. केट शर्मा इन तस्वीरों में आराम से बैठी हुई हैं और उनके चेहरे पर हल्की मुस्कान है, जो उनके आत्मविश्वास को जाहिर करती है. इन तस्वीरों को देख कर उनके फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरें देखते ही रह जाते हैं। फैंस ने उनकी खूबसूरती और स्टाइलिश अंदाज की जमकर सराहना की है. आपको बताते चलें कि केट शर्मा टीवी की बोल्ड अभिनेत्रियों में से एक हैं और वो अपने हर एक लुक से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं।

**बॉक्स ऑफिस पर फतेह की दैनिक कमाई में मामूली बढ़त, तीसरे दिन कमाए इतने करोड़ रुपये**

अभिनेता सोनू सूद इन दिनों फिल्म फतेह को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में उनके काम की खूब तारीफ हो रही है, वहीं इसने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन भी ठीक-ठाक किया है। हालांकि, दूसरे दिन फिल्म के कारोबार में गिरावट देखने को मिली और अब फतेह की कमाई के तीसरे दिन के भी आंकड़े सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली। आइए बताते हैं फिल्म ने पहले रविवार को कितने करोड़ रुपये का कारोबार किया।

## नागबंधम से रुद्र के रूप में विराट कर्ण का पहली झलक आई सामने, अभिनेता का दिखा धांसू अवतार

2025 की शुरूआत में ही एक और पैन इंडिया फिल्म की पहली झलक सामने आ गई है. दरअसल, युवा नायक विराट कर्ण का मचअवेटेड फिल्म नागबंधम से रुद्र के रूप में पहला लुक राणा दग्गुबाती द्वारा जारी किया गया है, जिसने देश भर के दर्शकों में भारी उत्साह पैदा कर दिया है. फिल्म निर्माता अभिषेक नामा द्वारा निर्देशित इस भव्य परियोजना ने अपनी घोषणा के बाद से ही काफी चर्चा बटोरी है. वहीं पोस्टर की झलक देखते ही फैंस ने कहा- एक और ब्लॉकबस्टर तैयार है.

पहले पोस्टर में विराट कर्ण को एक आकर्षक और दमदार अवतार में दिखाया गया है, जिसमें घुंघराले बाल, दाढ़ी और सुडौल शरीर है. एक साहसी मुद्रा में दिखाए गए कर्ण एक एक्शन से भरपूर दृश्य में शर्टलेस दिखाई देते हैं. जहां वह समुद्र में एक खतरनाक मगरमच्छ से लड़ते हैं. अपने हाथों और रस्सी से मगरमच्छ का मुंह पकड़े हुए, रुद्र का निडर व्यवहार और अथक शक्ति केंद्र में है, जो एक स्थायी छाप छोड़ती है. नागबंधम टैगलाइन द सीक्रेट ट्रेजर के साथ एक महाकाव्य साहसिक होने का वादा करता है, जो एक रोमांचकारी और रहस्यमय यात्रा का संकेत देता है. अभिषेक नामा द्वारा निर्देशित और लिखित, इस फिल्म का निर्माण किशोर अन्नापुरेड्डी द्वारा अभिषेक पिक्चर्स के सहयोग से एनआईके स्टूडियो के तहत किया जा रहा है, और इसे लक्ष्मी इरा और देवांश नामा द्वारा गर्व से प्रस्तुत किया जा रहा है. इसकी भव्यता को बढ़ाते हुए, नागबंधम में एक प्रभावशाली कलाकारों की टुकड़ी है, जिसमें मुख्य महिला कलाकार के रूप में नाभा नटेश और ईश्वर्या मेनन शामिल हैं, साथ ही प्रसिद्ध अभिनेता जगपति बाबू, जयप्रकाश, मुरली शर्मा और बी.एस. अविनाश प्रमुख भूमिकाओं में हैं. यह फिल्म भारत के प्राचीन विष्णु मंदिरों के छिपे रहस्यों को उजागर करती है, विशेष रूप से नागबंधम की पवित्र प्रथा की खोज करती है. पद्मनाभस्वामी और पुरी जगन्नाथ जैसे प्रतिष्ठित मंदिरों में हाल ही में मिली खज़ाने की खोज से प्रेरित, कहानी आकर्षक पौराणिक कथाओं को आधुनिक कथा के साथ जोड़ती है, जो सदियों पुराने रहस्यों को जीवंत करती है.

# महावतार नरसिम्हा के टीजर का अनाउंसमेंट वीडियो हुआ जारी, फर्स्ट लुक ने जीता फैन्स का दिल

निर्देशक अश्विन कुमार की सोच से बनी रोमांचक एनिमेटेड सीरीज़ महावतार नरसिम्हा हॉम्बले फिल्म्स और कलीम प्रोडक्शंस की एक और बेहतरीन पेशकश है. इसके साथ, ये दोनों बड़े प्रोडक्शन हाउस महावतार सीरीज़ लॉन्च करने की तैयारी में हैं, जिसमें भगवान विष्णु के कई अवतारों पर आधारित एक पूरा सिनेमाई यूनिवर्स बनेगा. पहली झलक को दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिली है. अब मेकर्स ने एक शानदार वीडियो जारी किया है और घोषणा की है कि टीज़र कल यानी 14 जनवरी को दोपहर 12:33 बजे रिलीज होगा.

अश्विन कुमार की फिल्म महावतार नरसिम्हा हर दिन और भी ग्रैंड होती जा रही है. उत्साह अब अपने चरम पर है, और इस हाल ही में जारी हुए वीडियो ने महावतार सीरीज की शुरुआत की गवाही दी है. टीज़र रिलीज़ की घोषणा ने और भी हलचल मचा दी है और अब सभी की उम्मीदें उस ताकतवर अवतार को देखने के लिए और बढ़ गई हैं. कहना होगा की महावतार नरसिम्हा की दुनिया को जानना एक शानदार अनुभव होने वाला है.

मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया पर इस एपिक अनाउंसमेंट वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, जब आस्था को चुनौती दी जाती है, तो वह प्रकट होते हैं. दहाड़ के लिए तैयार हो जाइए! आज 14 जनवरी को दोपहर 12:33 बजे महावतार नरसिम्हा का महाकाव्य टीजर देखें!महावतार-नरसिम्हा महावतार सीरीज की पहली कथा है. ये फिल्म भक्त प्रहलाद, विश्वास और आशा की कहानी सुनाती है, जिसमें भगवान विष्णु, नरसिंह के रूप में, अधर्म को नाश करने और मानवता को बहाल करने के लिए अवतार लेते हैं. रिलीज़ से पहले ही यह फिल्म आईएफएफआई में इंडियन पैनोरामा सेक्शन में अपनी प्रीमियर से चर्चा में आ चुकी है, जो इस प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल की सबसे टॉप कैटेगरी है. महावतार नरसिम्हा का डायरेक्शन अश्विन कुमार ने किया है, और इसे शिल्पा धवन, कुशल देसाई, और चैतन्य देसाई ने कलीम प्रोडक्शंस के तहत प्रोड्यूस किया है. हॉम्बले फिल्म्स के साथ मिलकर, जो अपनी आकर्षक कंटेंट के लिए जानी जाती है, यह पार्टनरशिप अलग - अलग एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म्स के जरिए एक सिनेमाई मास्टरपीस पेश करने का लक्ष्य रखती है. इस फिल्म की शानदार विजुअल्स, सांस्कृतिक विविधता, बेहतरीन फिल्म तकनीक, और मजबूत कहानी के साथ, इसे 3डी और पांच भारतीय भाषाओं में रिलीज़ किया जाएगा.

## पुष्पा 2 का कब्जा महीने बाद भी बरकरार, अब तक कमा चुकी है 1,220 करोड़ रुपये

सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2: द रूल को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 39 दिन बीत गए हैं और यह अब भी करोड़ों में कमा रही है।

छठे सप्ताह में भी इस फिल्म का तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा। आए दिन यह कोई न कोई रिकॉर्ड तोड़ रही है।

गेम चेंजर और फतेह जैसी फिल्में भी पुष्पा 2 का कुछ नहीं बिगाड़ पाईं। आइए बताते हैं फिल्म ने 39वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, पुष्पा 2 ने अपनी रिलीज के 39वें दिन यानी छठे रविवार को 2.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1,220.50 करोड़ रुपये हो गया है। विदेश में पुष्पा 2 खूब धमाल मचा रही है। दुनियाभर में इस फिल्म ने अब तक 1,850 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है।

# क्या पौधों पर आधारित डाइट से आती है कमजोरी? जानें इस मिथक की सच्चाई



पौधों पर आधारित डाइट को लेकर कई तरह के मिथक प्रचलित हैं, जिनमें से एक यह है कि यह डाइट कमजोरी का कारण बनती है।

पौधों पर आधारित डाइट में फल, सब्जियां, अनाज और दालें शामिल होती हैं, जो पोषण के अच्छे स्रोत होते हैं। इस लेख में हम इस मिथक की सच्चाई को समझने की कोशिश करेंगे।

आइए जानते हैं कि कैसे यह डाइट आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकती है और इसके क्या प्रभाव होते हैं।

पौधे आधारित डाइट के जरिए मिलते हैं सभी पोषक तत्व

पौधे आधारित डाइट में विटामिन, खनिज और फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, जो शरीर के लिए जरूरी होते हैं। फल और सब्जियों में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं।

इसके अलावा, अनाज और दालें प्रोटीन का अच्छा स्रोत होती हैं, जो मांसपेशियों के विकास के लिए अहम होते हैं।

सही संतुलन बनाए रखने से शरीर को सभी जरूरी पोषक तत्व मिलते रहते हैं, जिससे कमजोरी नहीं आती, बल्कि ऊर्जा बनी रहती है।

क्या इस डाइट में होती है प्रोटीन की कमी?

अक्सर कहा जाता है कि पौधे आधारित डाइट से पर्याप्त प्रोटीन नहीं मिलता, लेकिन यह सच नहीं है। दालें, चने और टोफू और टेम्पेह जैसे सोया उत्पाद प्रोटीन के अच्छे स्रोत होते हैं।

इनका नियमित सेवन करने से शरीर को पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन मिल सकता है, जिससे मांसपेशियां मजबूत रहती हैं और कमजोरी महसूस नहीं होती।

सही संयोजन बनाकर खाने से सभी आवश्यक अमीनो एसिड भी प्राप्त किए जा सकते हैं, जो शरीर के लिए जरूरी होते हैं।

क्या इस डाइट से कम हो जाती है ऊर्जा?

पौधे आधारित डाइट अपनाने वाले लोग अक्सर ऊर्जा कम होने की शिकायत करते हैं, लेकिन इसका कारण गलत खान-पान होता है न कि खुद आहार प्रणाली।

सही समय पर भोजन करना और संतुलित मात्रा में कार्बोहाइड्रेट्स लेना ऊर्जा स्तर बनाए रखने में मदद करता है।

ब्राउन राइस या ओट्स जैसे साबुत अनाज खाने से लंबे समय तक ऊर्जा मिलती रहती है, जिससे आप दिनभर सक्रिय रह सकते हैं और बिना थकावट महसूस किए काम कर सकते हैं।

इस डाइट का मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है सकारात्मक प्रभाव

शोध बताते रहे हैं कि पौधे आधारित डाइट मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। फल और सब्जियों का सेवन करने से तनाव कम होता है और मूड बेहतर बनता है।

# शादी से पहले चाहती हैं बेदाग और निखरी त्वचा? इस स्वस्थ पेय का करें सेवन



शादी का दिन हर महिला के जीवन का सबसे खास दिन होता है, जिस पर वे सुंदर दिखना चाहती हैं।

हालांकि, बदलते मौसम, तनाव और गलत खान-पान के चलते दुल्हन की त्वचा अस्वस्थ हो सकती है और चेहरे की रोनक कम जाती है।

ऐसे में अगर आप चाहती हैं कि शादी वाले दिन आपकी त्वचा निहरी हुई नजर आए, तो इस स्वस्थ पेय का सेवन करें।

शादी के टिप्स में इस पेय की रेसिपी और लाभ जानते हैं।

जानिए कैसे बनता है यह स्वस्थ पेय

इस पेय की रेसिपी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है और इसे बनाना भी आसान है। इसके लिए आपको एक कप चुकंदर, एक कप अनार दानें, एक कप खीरा, एक कप पुदीने के पत्ते, नींबू और 2 कप पानी की जरूरत पड़ेगी। सब्जियों को टुकड़ों में काट लें और सभी सामग्रियों को जग में डाल दें। इसे रातभर रखा रहने दें और सुबह उठकर इसका सेवन करें। आप इसे दिनभर एक डिटॉक्स पेय की तरह पी सकती हैं। अगर आप त्वचा को निखरा हुआ बनाना चाहती हैं तो उसे हाइड्रेट करना बेहद जरूरी है। इसके लिए आप इस पेय को डाइट का हिस्सा बना सकती हैं।

इसके सेवन से त्वचा कोशिकाओं को नमी मिलेगी और कोलेजन और इलास्टिन जैसे प्रोटीन की संख्या बढ़ेगी।

इस पेय के जरिए आप शुष्क और रूखी त्वचा की समस्या से भी निजात पा सकेंगी और त्वचा का रूखापन भी बंद हो जाएगा।

शादी से पहले दूल्हे इस तरह रखें त्वचा का ख्याल।

बढ़ती उम्र के लक्षण होते हैं कम

कई महिलाओं की त्वचा पर समय से पहले ही बुढ़ापे के लक्षण नजर आने लगते हैं। अगर आप भी इस समस्या का शिकार हो गई हैं तो शादी से पहले चुकंदर और खीरे वाले पेय का सेवन जरूर करें।

इस पेय में एंटी-एजिंग प्रभाव होते हैं, जो झुर्रियों और झाइयों को मिटाने में मदद कर सकते हैं।

इसके नियमित सेवन से चेहरे पर नजर आने वाली महीन रेखाएं भी दूर होने लगती हैं और समान रंगत मिलती है।

त्वचा की सूजन होती है कम

सूजन के कारण त्वचा अस्वस्थ हो जाती है और चेहरा बड़ा दिखने लगता है। इसके कारण कई महिलाओं के चेहरे पर मुंहासे भी निकलने लगते हैं। हालांकि, इस पेय के जरिए सूजन को आसानी से कम किया जा सकता है। इसमें इस्तेमाल होने वाला चुकंदर अपने एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रभावों के लिए जाना जाता है, जिससे लालपन भी कम हो सकता है।

## शब्द सामर्थ्य - 297

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादर 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्योहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | |
| | ■ | 5 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 6 | | | | ■ | 7 | 8 | | 9 |
| | ■ | | ■ | 10 | | | ■ | |
| ■ | 11 | | | | ■ | 12 | | |
| 13 | | ■ | ■ | 14 | 14ए | | ■ | ■ |
| | ■ | 15 | | | | ■ | 16 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 17 | | 18 |
| ■ | 19 | | | ■ | 20 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 296 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | ई | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ड़ा |
| त | ■ | ■ | ख्व | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | दाँ | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नी | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना कटंगी चौकी बेलखाडू में नितिन लखेरा उम्र 34 वर्ष निवासी पंडा मढ़िया थाना गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है आज वह एवं उसका दोस्त प्रिंस पटैल निवासी मानस विहार कालोनी विजयनगर के साथ अपनी मोटर सायकल से तथा उसके जीजा विनोद लखेरा एवं रवि ईसाई तथा नील रत्न पांडे तीनों एक मोटर सायकल क्रमांक एमपी 13 ई यू 8161 से जबलपुर से कटंगी काम की बात करने के लिये जा रहे थे वह जीजा की मोटर सायकल के पीछे पीछे चल रहा था



# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शिविर में हजारों हितग्राही हुए आज लाभावित

## संत रविदास, चितरंजन दास, अशफाक उल्ला खॉ वार्ड और सामुदायिक भवन धनवंतरी नगर में आयोजित किये गए शिविर





जबलपुर। प्रदेश सरकार हर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने संकल्पित है। सरकारी योजनाओं का लाभ लेनें हर पात्र लोगों के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे हर पात्र हितग्राही को इसका लाभ मिल सके उक्त उद्गार आज पनागर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुशील तिवारी इन्दू और उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डे ने आयोजित जनकल्याण शिविर में व्यक्त किये।

संभाग क्रमांक 1 गढ़ा, 14 विजय नगर, 15 सुहागी एवं 16 नया भानतलैया के अंतर्गत संत रविदास, चितरंजन दास, अशफाक उल्ला खॉ वार्ड एवं सामुदायिक भवन धनवंतरी नगर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत जनकल्याण शिविर में हजारों हितग्राहियों को पात्रता पर्ची वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत स्वीकृत पेंशन पत्रों का वितरण, हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड वितरण, पेंशन स्वीकृति पत्र, लाड़ली लक्ष्मी योजना, मातृ वंदना योजना, संबल श्रमिक कार्ड, एवं पी एम स्वनिधि योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को चेक वितरित किए गए। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत शिविर में नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में देवजी नेत्रालय के सहयोग से नेत्र जाँच एवं अन्य सामान्य रोगों की जाँच के लिए विशेष शिविर लगाया गया एवं हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। इस अवसर पर संत रविदास वार्ड शिविर में एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, पार्षद योगेन्द्र उईके, लखन देवानी, विजय बघेल, कुनाल पटैल, संभागीय अधिकारी संतोष अग्रवाल, राजस्व निरीक्षक शिरीष उपाध्याय, सहा.राजस्व निरीक्षक राहुल श्रीवास्तव, नीरज जैन, योजना लिपिक रश्मि साहू, रोमेश राठौर, चितरंजन दास वार्ड शिविर में एम.आई.सी. सदस्य विवेक राम सोनकर, वार्ड पार्षद प्रमोद पटेल, मंडल अध्यक्ष अमित राय, अपर आयुक्त श्रीमति अंजू सिंह, संभागीय अधिकारी सुदीप पटेल, शिविर प्रभारी मन्नू पटेल, योजना लिपिक राजेश चौधरी, श्रीमती लक्ष्मी परस्ते, अशफाक उल्ला खॉ वार्ड शिविर में वार्ड पार्षद वकील अहमद अंसारी, मतीन अंसारी, जनप्रतिनिधि गुलाम सरवर, कुंजी जौहरी, किशोर भाई, राजा भाई, टिकेन्द्र यादव, रिजवान अंसारी, मनीष शिवहरे, गोपाल चौधरी, अकील अंसारी, अनवर हापिज, असलम आजाद, फरहान अंसारी, अताउर रहमान अंसारी, अयाज अंसारी, राजुल दुबे, इमरान, शीला बानो तथा संभागीय अधिकारी महेन्द्र पाल सिंह उइके, राजस्व निरीक्षक सुश्री गीता नेटी, वार्ड प्रभारी कृष्णा प्रताप प्रजापति, योजना लिपिक कमलेश अहिरवार, उपयंत्री अंकित चौधरी, दिनेश कुमार ठाकुर, अभिषेक रैकवार, तनवीर अहमद, नईम अख्तर, रविन्द्र सेन, मकसूद अहमद, सुनील साहू, शत्रुंजय सिंह, नितिन साहू, शरद यादव, सचिन कोरी, रिजवान मंसूरी, सोयफ खान, मोहित तिवारी, राम कुमार धुर्वे, सैयद नजीर अली, स्वालिया बानो, फैजान मंसूरी, रेखा सेन, खुशी केशरवानी, गोपाल खटीक, सुजीत साहू, सामुदायिक भवन धनवंतरी नगर में संभागीय अधिकारी कृष्णपाल रावत तथा सभी शासकीय विभागों के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण आदि उपस्थित रहे।

## जायसवाल समाज द्वारा युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन



जबलपुर। जायसवाल समाज जबलपुर द्वारा युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 26 जनवरी 2025 को प्रतिवर्ष अनुसार मदन महल रेलवे स्टेशन स्थित उत्सव भवन में सुबह 11ः00 बजे से आयोजित है बैठक को संबोधित करते हुए समाज के अध्यक्ष केशव जायसवाल बताया कि कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के अलावा छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से भी समाज के लोगों का आगमन हो रहा है, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती विनीता राय ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा द्व युवा संगठन के शोभित जायसवाल जी ने बताया कि कार्यक्रम समाज के संत परम पूज्य पागलानंद जी महाराज के मुख्य आतिथ्य एवं विशिष्ट अतिथि सांसद आशीष दुबे , महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू उत्तर मध्य के विधायक अभिलाष पांडे होंगे द्व कार्यक्रम में समाज की पत्रिका जिसमे विवाह योग्य युवक युवतियों की जानकारी का संकलन है का विमोचन किया जायेगा द्व बैठक में समाज के विजय जायसवाल सुभाष जायसवाल प्रेम जायसवाल राजेश जायसवाल संजीव जायसवाल एसके राय रमाकांत जायसवाल बॉबी जायसवाल प्रशांत जायसवाल संतोष जायसवाल समय लाल जायसवाल छोटेलाल जायसवाल राम रतन जायसवाल कौशलेंद्र महाजन राम मोहन जायसवाल महिला मंडल की श्रीमती किरण श्रीमती रोशनी श्रीमती श्वेता श्रीमती प्रीति श्रीमती राजश्री एडवोकेट विजयलक्ष्मी जायसवाल एवं समाज के वरिष्ठ सदस्य गण उपस्थित थे

# 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल कुश्ती प्रतियोगिता

## मेजबान एमपी पावर के संतोष द्विवेदी 92 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में पहुंचे





जबलपुर। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 46 वीं अख?िल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल कुश्ती प्रतियोगिता में मेजबान एमपी पावर के पहलवान संतोष द्विवेदी ने पदक तालिका में अपनी टीम की आशा को जीवित बनाए रखा है। वे 92 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में पहुंच गए। संतोष द्विवेदी राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के पहलवान सुनील कुमार को बॉय फॉल से पराजित किया। एमपी पावर के आठ पहलवान तृतीय व चतुर्थ स्थान के लिए अपने प्रतिद्वंदी पहलवानों से मुकाबला करेंगे। वहीं हरि?याणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप व हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत मण्डल के के पांच-पांच, पंजाब स्टेट पावर कार्पोरेशन ल?िमि?टेड (पीएसपीसीएल) के तीन, महावितरण महाराष्ट्र के दो और टाटा पावर दिल्ली व मेजबान एमपी पावर के एक-एक पहलवान फाइनल मुकाबले में पहुंच गए। प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह 17 जनवरी को दोपहर 2.00 बजे तरंग प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया है।

हल्के भार वर्ग में महावितरण महाराष्ट्र के पहलवान जीते-57 किलोग्राम भार वर्ग में महावितरण महाराष्ट्र के संभाजी जाधव ने एमपी पावर के राजेश सोंध?िया को 10 अंको से पराजित किया। संभाजी जाधव ने एक अन्य कुश्ती में हरि?याणा के अजमेर सिंह को बॉय फॉल से पराजित किया। 61 किलोग्राम भार वर्ग में हरि?याणा के सुरेश कुमार ने महावितरण महाराष्ट्र के विनोद गायकवाड़ को 10 अंकों से हराया। महावितरण महाराष्ट्र के पहलवान विनोद गायकवाड़ ने एमपी पावर के वीरेन्द्र कुमार को पराजित किया। 65 किलोग्राम भार वर्ग में पदक के प्रबल विजेता महाराष्ट्र के राजकुमार वासुदेव ने एमपी पावर के पिंटू यादव को 10 अंकों से हराया। इसी भार वर्ग में टाटा पावर दिल्ली के राहुल ने पंजाब के भरत शर्मा को बॉय फॉल से पराजित किया। 70 किलोग्राम भार वर्ग में हरियाणा के हरेन्द्र ने महाराष्ट्र के अनंत गोपाल को बॉय फॉल से हराया। पंजाब के रनवीर सिंह ने एमपी पावर के ईश्वर सिंह को बॉय फॉल से हराया। भारी वर्ग में हरियाणा, पंजाब व हिमाचल के पहवानों का दबदबा-74 किलोग्राम भार वर्ग में हरियाणा के पहलवान विजेन्द्र सिंह अपने प्रतिद्वंदी पंजाब के शेर सिंह से दस अंकों से पराजित हो गए। हिमाचल प्रदेश के सुखवीर कुमार ने एमपी पावर के राहुल गोस्वामी को बॉय फॉल से हराया। इसी भार वर्ग में पंजाब के शेर सिंह ने महाराष्ट्र के सूरज राव साहेब को बॉय फॉल से हराया। 79 किलोग्राम भार वर्ग में पंजाब के पहलवान नरेन्दर ने महाराष्ट्र के श?िवाजी कोली को दस अंकों से हराया। 86 किलोग्राम भार वर्ग में पंजाब के हनी सिंह ने महाराष्ट्र के महेन्द्र कोसारे को 10 अंकों से पराजित किया। 92 किलोग्राम भार वर्ग में हिमाचल प्रदेश के बलवीर सिंह ने हरियाणा के अरूण गौर को हराया। 97 किलोग्राम भार वर्ग में हरियाणा के अनिल ने राजस्थान के रिंकू को बॉय फॉल से हराया। महाराष्ट्र के अमोल ने पंजाब के ललित कुमार को बॉय फॉल से हराया। 125 किलोग्राम भार वर्ग में हरियाणा के विजेन्दर ने महाराष्ट्र के पहलवान प्रमोद को टेक्न?िकल फॉल से हराया। हिमाचल प्रदेश के राकेश कुमार ने एमपी पावर के अजय अजमेरा को बॉय फॉल से हराया।

आज हुए मुकाबलों के रैफरी अर्जुन यादव, विश्वामित्र अवार्डी विनय प्रजापति, देवेन्द्र उपाध्याय, चंदन चक्रवर्ती, जितेन्द्र राजपूत, मनीष सोनकर व राकेश यादव रहे।

## स्कूटर वाले विधायक का किया स्वागत



जबलपुर। छत्तीसगढ़ के रायपुर से कई बार के विधायक रहे एवं हाऊसिंग बोर्ड के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) रहे , स्कूटर वाले विधायक के नाम से प्रसिद्ध कुलदीप सिंह जुनेजा का नगर आगमन हुआ। अल्पसंख्यक विभाग के कांग्रेस जनों ने सौजन्य भेंट कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया व वर्तमान राजनीतिक विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य दलवीर सिंग जस्सल, सुमन कुमार जैन, संजय वर्मा, राजकुमार जैन, शाकिर कुरैशी, श्रीमती हूर बी, अतुल जोसफ, नेकराम पटेल, कृष्णा गुप्ता, मोहित वर्मा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

अकाल मृत्यु

जबलपुर। थाना गोहलपुर में आशीष सैनी उम्र 54 वर्ष निवासी पटैल नगर महाराजपुर ने सूचना दी कि आदित्य डे की माँ श्रीमती मधुलिका विश्वास ने उसे

## जिले के परीक्षा परिणाम की समीक्षा बैठक संपन्न

जबलपुर जिले में परीक्षा परिणाम में अपेक्षित वृद्धि हेतु स्कूल वार एक्शन प्लान की चर्चा के लिए दिनांक 4 जनवरी को शासकीय मॉडल स्कूल के ह्यद्वड्डह्लह्ल क्लास रूम में मीटिंग आयोजित हुई। बैठक में जिले के 198 प्राचार्य एवं सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को संयुक्त संचालक श्री प्राचीश जैन एवं जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने संबोधित किया। अधिकारियों ने प्राचार्यो को स्पष्ट रूप से कहा कि जिले के परीक्षा परिणाम में अपेक्षित वृद्धि होना जरूरी है। सभी स्कूल में इसके लिए निदानात्मक कक्षाएं लगाई जाए। जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी ने सभी प्राचार्यो को निम्नानुसार निर्देश दिए -

1. सभी प्राचार्य अपने स्कूल का एक्शन प्लान बनाए तथा साथ में एक हार्ड कॉपी रखेंगे।

2. प्लान में कक्षा 9 से12 का पिछले वर्ष का परीक्षा परिणाम ,इस वर्ष का तिमाही परीक्षा परीक्षा परिणाम ,छैमाही परीक्षा परिणाम ,एवं इस वर्ष की वार्षिक परीक्षा का अपेक्षित परिणाम दिखाया जाए।

3. कक्षा 9 से 12 में छात्र संख्या ,स्टूडेंट डेटा पंजी अनुसार छात्रों की ग्रेड वार स्थिति विषयवार स्थिति एवं छात्र उपस्थिति वास्तविक रूप से स्पष्ट की जाए ।

4. छात्र वर्गीकरण किस प्रकार करके अध्यापन योजना बनाई गई है, दिखाएं।

5. परिणाम में अपेक्षित वृद्धि हेतु विशेष प्रयास क्या करने की योजना है।

6. अध्यापन हेतु उपलब्ध कुल दिवश ,का विषयवार टाइम टेबल प्रस्तुत करें।

7. छात्र उपस्थित बढ़ाने के प्रयास।

8. एक्शन प्लान पर ज्यादा फोकस हो जिससे विद्यालय को अधिकतम लाभ देखा जा सके ।


9. एक्शन प्लान में प्राचार्यों को स्कूल का गत वर्ष का परिणाम ,स्कूल की छात्र संख्या इत्यादि तैयार रहें।

उपरोक्तानुसार सभी प्राचार्यो को अपने विद्यालय में मेहनत करके अपेक्षित परीक्षा परिणाम लाना है।

# विधायक कप जीता बंटी 11 ने



जबलपुर। सिहोरा विधानसभा में 22 दिसंबर से क्रिकेट कप का शुभारंभ किया गया जिसका फाइनल मैच आज बंटी 11 और अन्नु 11 के मध्य खेला गया टॉस जीतकर पहले बंटी 11 को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया निर्धारित 12 ओवर में टीम 97 रन बनाए जवाब में अन्नु 11 72 रन बना सकी पुरस्कार वितरण विधायक संतोष बरकड़े जनपद पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र धुर्वे, बजरंग दल जिला मिडिया प्रभारी योगगुरु शिवराम राहुल साहू,जिला सदस्य महेंद्र बरकड़े, मंडल अध्यक्ष एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष दिलीप मरावी ने सभी टीम को शुभकामनाएं दी



## चन्द्रशेखर, एवं रानी अवंती बाई वार्ड में आयोजित किये गए शिविर

## केन्ट विधानसभा क्षेत्र के दो वार्डो के शिविरों में सैकड़ों हितग्राही हुए लाभावित



जबलपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पूरे प्रदेश में जन-कल्याण पर्व मनाया जा रहा है, शिविर के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिल रहा है और आगे भी मिलता रहेगा, उक्त उद्गार आज केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, निगमाध्यक्ष रिंकू विज ने आयोजित शिविर में व्यक्त किये। केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री रोहाणी ने बताया कि चन्द्रशेखर एवं रानी अवंती बाई वार्ड में हितग्राही मूलक जनहितैषी मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना का विशाल शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पी एम स्वनिधि योजना, आयुष्मान कार्ड, एवं पात्रता पर्ची के स्वीकृति पत्र हितग्राहियों को विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी एवं निगमाध्यक्ष रिंकू विज के द्वारा दिए गए। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की नगर उपाध्यक्ष श्रीमती विभा उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष सौरभ गोयल, अमर सिंह महोबिया, संतोष बैरागी, आशीष झरिया, श्रवण यादव, भारत बिरहा, सुनील तिवारी, आशीष बर्मन एवं चन्द्रशेखर वार्ड शिविर में पार्षद निशान झरिया, संतोषी ठाकुर, श्रीमती सावित्री साहा, दशरथ पटेल संजय ठाकुर, पवन यादव तथा समस्त कार्यकर्ता, अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना माढ़ोताल में लेखराम कुशवाहा उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम सूखा मेन रोड़ तालाब के आगे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि स्वयं के घर में सृष्टि रेस्टोरेंट के नाम से होटल चलाता है अपने परिवार सहित ससुराल मे गंगा पूजन के लिये घर में ताला लगाकर गया था आज सुवह पड़ौसी धनीराम पटेल ने फोन कर बताया कि तुम्हारी शटर टूटी हुयी है वह सुबह लगभग 11 बजे घर आया देखा दुकान का शटर टूटा था अंदर जाकर घर में रखी आलमारी को चैक करने पर सोने चांदी के जेबर तथा नगदी नहीं थे सामान बिखरा पड़ा था

विजय नगर कृषि उपज मंडी के पीछे आओ स्पा सेंटर पर पुलिस का छापा- बना रखा था देह व्यापार का अड्डा, पुलिस कर रही संचालक से पूछताछ

# स्पा सेंटर के अंदर छोटे-छोटे कमरे, तीन जोड़े आपत्तिजनक स्थिति में मिले





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** विजय नगर थाना क्षेत्र में एक स्पा सेंटर में देह व्यापार की सूचना पर पुलिस ने छापा मारा। स्पा सेंटर के अंदर छोटे-छोटे कई कमरे और केबिन मिले है। युव-युवतियों के तीन जोड़े को आपत्तिजक स्थिति में पकड़ा गया है। संचालक सहित लोगों को पकड़कर पुलिस थाने लेकर गई है। जहां, उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस की कार्यवाही के बाद देह व्यापार में लिप्त युवतियों के नगर में आकर स्पा सेंटर की आड़ में अनैतिक व्यापार से जुड़ने की आशंका है।

थाना क्षेत्र में कृषि उपज मंडी के पीछे आओ स्पा सेंटर है, जिसका संचालन गोरखपुर पीपल मोहल्ला निवासी शीतल बावरिया है। पुलिस को कई दिन से स्पा सेंटर में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिल रही थी। पुलिस ने बुधवार की रात को अचानक स्पा सेंटर की घेराबंदी कर जांच किया। पुलिस अधिकारी अंदर पहुंचे तो कई केबिन और छोटे-छोटे कमरे दिखे।

**पुलिस ने बुधवार की रात को अचानक स्पा सेंटर की घेराबंदी कर जांच किया**

जहां, अलग-अलग कमरे में युवक-युवतियों के तीन जोड़े आपत्तिजक स्थिति में मिले है। मौके से कुछ आपत्तिनक सामग्री भी प्राप्त हुई है। सेंटर का संचालक भी उपस्थित मिला।

तीन अन्य युवतियां भी सेंटर के अंदर मिली है। संचालक सहित समस्त युवक-युवतियों को थाने ले जाया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

**मसाज की आड़ में अवैध कार्य**

आरंभिक जांच और छानबीन में पता चला है कि स्पा सेंटर के काउंटर पर युवती बैठती थी। उपभोक्ता के पहुंचने पर वह एक से दो हजार रुपये के मसाज के पैकेज का प्रस्ताव देती थी।

पुरुषों के आने पर मसाज के साथ उन्हें सेंटर में कार्य करने वाली युवतियां दिखाई जाती थी। जिस युवती को पुरुष पसंद करते थे, उसके साथ पृथक कमरे में मसाज की सुविधा के नाम पर पांच से आठ हजार रुपये तक वसूले जाते थे।

**कमरे खुलवाने पर ये निकले**

पुलिस ने छापा मारा तो स्पा सेंटर के अंदर के छोटे-छोटे कुछ कमरे बंद मिले। तीन कमरे के दरवाजे पुलिस ने काफी देर तक खटखटाया। उसके बाद नहीं खुले तो चेतावनी दी गई। तब अंदर बंद युवक-युवती ने दरवाजे खोले। अलग-अलग कमरे में में गोराबाजार निवासी संदीप सिंह उर्फ प्रेम, शांति नगर गोहलपुर निवासी शेखर नायडू और दीवांश बुधवानी से बाहर निकले। इनके कमरे में एक-एक युवती भी थी।

**थाना क्षेत्र में यात्री निवास पर भी पड़ा था छापा**

विजय नगर थाना क्षेत्र में कुछ समय पूर्व कृषि उपज मंडी के पास एक चौकसे यात्री निवास पर छापा मारा गया था। मौके से युवक-युवतियों को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया था। ये कार्यवाही यात्री निवास में देह व्यापार होने की सूचना पर की गई थी। पुलिस ने होटल संचालक विजय चौकसे को गिरफ्तार किया था।

# 17 साल की लड़की ने जहर खाया, अस्पताल में पता चला गर्भवती है, फिर सुनाई आपबीती

**किशोरी ने दुष्कर्म की बात छिपाई, अस्पताल में भर्ती होने पर गर्भवती मिली**

विषाक्त पदार्थ के सेवन से गर्भपात हुआ, तब खुलकर सामने आई यह बात। प्रेम संबंध बनाकर किया शोषण। पुलिस ने आरोपित को किया गिरफ्तार।

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में एक किशोरी ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। स्वजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे तो जांच में चिकित्सकों को किशोरी को गर्भवती पाया।

विषाक्त पदार्थ के सेवन से गर्भपात होने और उसका स्वास्थ्य खराब होना बताया। यह सुनकर स्वजन भी चौंक गए। पूछताछ हुई तो किशोरी के साथ दुष्कर्म होने का पता चला। 17 वर्षीय किशोरी की एक युवक से मित्रता थी। एक दिन किशोरी घर पर अकेली थी। तब मौका पाकर युवक उसके घर में पहुंचा। विवाह का वादा कर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया।

इसके बाद वह लगातार किशोरी के साथ दुष्कर्म करता रहा। इस दौरान किशोरी गर्भवती हो गई। उसने जब यह जानकारी युवक को दी तो उसने शीघ्र विवाह करने की बात कहा। इसके बाद बातचीत करना छोड़ दिया। जबलपुर के मझौली थाना क्षेत्र में की एक युवती के फोटो के साथ छेड़छाड़ करते हुए इंटरनेट मीडिया पर उसका फर्जी खाता बनाया। एकाउंट में कुछ आपत्तिजनक फोटो अपलोड किए। अश्लील कमेंट कर युवती को बदनाम करने का प्रयास किया। युवती की शिकायत पर पुलिस ने जांच कि तो आरोपित युवती के गांव के दो युवक निकले। पुलिस ने जांच में सोशल मीडिया का फर्जी एकाउंट आरोपितों के मोबाइल फोन से चलना पाया। आरोपित श्लोक साहू उर्फ युग और ओम असाटी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। आरोपित ओम के वर्तमान में इंदौर में निवास होने की जानकारी मिली है।

**अज्ञात के विरूद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज**

**जबलपुर-** थाना गढ़ा में रात्रि में नारायण सिंह लोधी उम्र 34 वर्ष निवासी गंगासागर लोधी मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह शुभपैक कम्पनी में कम्प्यूटर ऑपरेटर का कार्य करता है दिनांक 13-8-23 को दोपहर लगभग 1-45 बजे उसके मोबाइल पर एक मोबाइल से कॉल आया और अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बताया कि मैं आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेण्ट से बात कर रहा हूँ,

# मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश

जबलपुर। थाना लार्डगंज में दिनेश पटैल उम्र 38 वर्ष निवासी जगदीश मंदिर गढाफाटक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि भंवरताल गार्डन के सामने चाय नास्ता की दुकान लगाता है दुकान बंद करके अपने अपने घर जा रहा था रात लगभग 9-30 बजे अपने घर के पास पहुॅचकर खड़ा था तभी शिवम सेन, सत्यम सेन आये और उसको देखकर कहने लगे कि यहां क्यों खड़ा है तो उसने कहा कि घर जा रहा हूँ इसी बात पर गाली गलोज करने लगे उसने गालियां देने से मना किया तो शिवम ने उसे कटर से मारा तो उसने वायें हाथ से रोका उसकी उंगली में चोट आयी तथा उसे धक्का देकर गिया दिया जिससे आंख के उपर चोट आयी मारपीट से उसको दाहिने हाथ की कलाई एवं कंधे में चोट आई । आवाज सुनकर उसका बड़ा भाई दिलीप बीच बचाव करने आया तो सत्यम सेन ने उसके भाई को जान से मारने की नियत से ईंट उठाकर उसके भाई के सिर में मारकर चोट

# बढ़ती नशाखोरी के खिलाफ मानव अधिकार संगठन ने अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



जबलपुर. देश व समाज हित में सक्रिय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने जबलपुर में बढ़ती नशाखोरी पर चिंता जाहिर करते हुए प्रशासन से युद्धस्तर पर मुहिम चलाने की मांग की है. इस संदर्भ में संगठन के जबलपुर अध्यक्ष डाक्टर अजय कुमार वाधवानी के नैतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने कलेक्टर की गैर मौजूदगी में अपर कलेक्टर नाथूराम गौंड़ से मुलाकात कर उन्हें बताया कि गांजा, स्मेक, चरस, कच्ची शराब, सुलोचन, कोडिन सहित नशीली दवाओं का अवैध कारोबार बड़े पैमाने पर धड़ल्ले से चल रहा है, युवा और नाबालिग बड़ी तादाद में इस दल दल में फंस चुके हैं. लिहाजा देश के भविष्य को तबाही से बचाने के लिए प्रशासन को इस दिशा में कठोर कार्रवाही करना चाहिए साथ ही पुलिस व जनता के बीच संवाद स्थापित करने की पहल भी जरूरी है. संगठन ने सुझाव दिया है कि अवैध कारोबार को रोकने कलेक्टर अपनी निगरानी में वाटसअप शुरू करें जिसमें जनता नशा करने वालों व इस कारोबार के गुनाहगारों की जानकारी दे सके. जनहित में सूचना देने वाले के नाम को गुप्त रखा जाए. इस मौके पर एड. भावना निगम, एड. साक्षी भारद्वाज, एड. आशीष त्रिपाठी, मुहम्मद इदरीस राईन, डॉ. अभिजीत जैन, डॉ. अभिषेक जैन, कमरूल इस्लाम खान, एड. विवेक शुक्ला, रोशन लाल मंध्यानी, एड. आशुतोष चतुर्वेदी, राजीव गौर आदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही.

गढ़ा, त्रिपुरी, महाराणा प्रताप और सरदार वल्लभ भाई पटैल वार्ड में निरीक्षण के दौरान 6 दुकाने एवं एक किरायेदारी दर्ज नहीं पाई गयी - निगमायुक्त प्रीति यादव

# किरायेदारी एवं भवनों का सत्यापन कार्य में राजस्व और बाजार विभाग की लापरवाही हुई उजागर

निगमायुक्त प्रीति यादव ने कर संग्रहिताओं, राजस्व निरीक्षकों और लायसेंस निरीक्षकों को कार्यों में लापरवाही बरतने पर जारी किया कारण बताओ नोटिस





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** किरायेदारी और दुकानों के सत्यापन कार्यो के दौरान आज राजस्व और बाजार विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। उपायुक्त पी.एन. सनखेरे ने बताया कि नगर निगम की राजस्व में वृद्धि करने तथा शहरी क्षेत्रों के मकानों का सही माप कर गणना करने तथा उस हिसाब से बकाया करों की वसूली के लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा लगातार राजस्व विभाग के साथ समीक्षा कर निर्देश दिये जा रहे हैं। इसके लिए निगमायुक्त द्वारा संभागवार एवं वार्डवार किरायेदारों की जानकारी भी एकत्रित कराई जा रही है, ताकि राजस्व निकार्ड में सभी चीजें सही तरीके से दर्ज किया जा सके। मकानों का सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार राजस्व वसूली में वृद्धि हेतु विगत 04 माह से वार्डों में किरायेदारी तथा एरिया सुधार किये जाने लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आज राजस्व मुख्यालय टीम से उपायुक्त राजस्व पी. एन. सनखेरे एवं सहायक राजस्व निरीक्षक रूपेश कुमार रजक, विशाल पटले द्वारा संभाग 01 गढ़ा अंतर्गत वार्ड 1, 3, 5 एवं 16 में स्थल निरीक्षण किया गया। जिसमें गढ़ा वार्ड क्र. 01 चंदन कॉलोनी में 10 संपत्तियों में से 04 में दुकान दर्ज नहीं पाई गई तथा प्रथम तल एवं लायसेंस नहीं पाये गये, महाराणा प्रताप वार्ड क्र. 16 नवनिवेश कॉलोनी गंगा नगर में 03 में से 02 दुकान दर्ज नहीं पाई गई, त्रिपुरी वार्ड क्र. 03 कौशल्या माय होम्स में 01 फ्लेट में किरायदार पाया गया, सरदार वल्लभ भी पटेल वार्ड 05 बड़ा पत्थर मेन रोड मेडिकल के पास में टावर दर्ज नहीं पाया गया, जिसके पश्चात कर संग्रहिता अमित पाठक एवं महेंद्र अहिरवार के विरुद्ध निलंबन हेतु कारण बताओ नोटिस एवं राजस्व निरीक्षक सौरभ बिरहा को 01 वेतन वृद्धि रोके जाने हेतु कारण बताओ नोटिस दिये गए हैं। उन्होंने बताया कि दुकानों में लाइसेन्स ना पाये जाने पर संदीप पाण्डे लायसेन्स निरीक्षक एवं अमित जोशी सहा. लायसेन्स निरीक्षक को को 01 वेतन वृद्धि रोके जाने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किये गये हैं। दोनों निरीक्षकों को प्रतिदिन 25 दुकानों का निरीक्षण करके प्रतिवेदन सूची उपायुक्त राजस्व को प्रेषित करने निर्देश भी दिये गये हैं। कार्यवाही के समय राजस्व विभाग की टीम आदि उपस्थित रही।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.**

**निविदा सूचना**

N.I.T. NO. / PWD-08/PRO N0. 506 Date 16/01/ 2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptenders.gov.in की पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_ UAD 395949_1 Date: 20/1/25 | खेरमाई वार्ड क्रं.55 अंतर्गत विभिन्न 05 स्थानों पर नाली एवं रोड मरम्मत कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 03 माह<br>4.18 लाख | रू. 2,000/-<br>4187/- | 03.02.2025 |
| 2 | 2025_ UAD 395949_2 Date: 20/1/25 | खेरमाई वार्ड क्रं.55 अंतर्गत विभिन्न 06 स्थानों पर नाली कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 03 माह<br>4.23 लाख | रू. 2,000/-<br>4235/- | 03.02.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की www.mptenders.gov.in की बेवसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया

**कार्यपालन यंत्री , लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर**

## आरोपियों के विरूद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना रांझी में पारस बघेल उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम करोंदा काली मंदिर के पास रांझी ने लिखित शिकायत की कि लगभग पांच माह पहले उसके मोहल्ले करोंदी के रहने वाले दीपक चढ़ार ने कहा कि तेरा खाता खुलवाना है तो उसने कहा कि खाता खुलवाकर क्या करोगे तो बोला कि मैं शेयर मार्केट का काम करता हूँ जिसमें बैंक खातों की जरूरत रहती है अगर तुम बैंक खाता खुलवाओगे तो उसमें जो ट्रांजेक्शन होगा उसमें से कुछ हिस्सा तुम्हे दे दूंगा तो वह खाता खुलवाने तैयार हो गया तथा अपना पेन कार्ड, आधारकार्ड और फोटो लेकर दिनांक 3-8-24 को दीपक के साथ उत्कर्ष स्माल फायनैंस बैंक राईट टाउन गया जहां दीपक चढ़ार ने अपने दोस्त इंदिरानगर निवासी बिनोद कुमार से मिलवाया, बिनोद कुमार ने बैंक में फोन लगाकर बैंक वाले से बात किया और उससे कहा कि बात हो गयी है

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/25/एम/205 दिनांक 16.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री दिलीप कुमार जैन एवं श्री संदीप कुमार जैन, पिता- कपूर चंद जैन** ने मकान नं. पी-04 संगम कालोनी, **वार्ड चेरीताल-27 वार्ड,** क्षेत्रफल 2000 व.फु., भूतल 669 व.फु., प्रथमतल 644 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 160 2024-2025 दिनांक 16/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री मनोहर सिंह धुर्वे, पिता- स्व. श्री अमृत सिंह धुर्वे** ने भवन क्रंमाक 1734/4 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000426268 जलकर पिन नं. ......, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्रीमती हीरा धुर्वे, पति- स्व. श्री अमृत सिंह धुर्वे **वार्ड निर्मल चंद जैन, वार्ड ,** निर्मित भूतल 821 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 506 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, सहमति शपथ पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 156 2024-2025 दिनांक 13/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. **श्रीमती कृष्णा वर्मा, पति- स्व.श्री के. एन.वर्मा, 2. श्री विजय कुमार , 3. श्री अजय कुमार वर्मा, पिता- स्व.श्री के. एन.वर्मा,** ने भवन क्रंमाक 1187/10आर, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000360872 जलकर पिन नं. ......, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री काशीनाथ शर्मा, पिता- स्व. श्री सोनीलाल वर्मा, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड ,** निर्मित भूतल 1228 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 1200 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, सहमति शपथ पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 155 2024-2025 दिनांक 13/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री प्रदीप जैसवानी, पिता- स्व.श्री ठालूमल जैसवानी** ने भवन क्रंमाक 1397 से 1401 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000360400 जलकर पिन नं. ......, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री ढालूमल जैसवानी, पिता- स्व. श्री भैरूमल जैसवानी, **वार्ड दीवान आधार सिंह वार्ड ,** निर्मित भूतल 1050 व.फु. व्या. किराएदार, प्रथमतल 1050 व.फु. व्या. किराएदार, , **विक्रयपत्र, वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, सहमति शपथ पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 159 2024-2025 दिनांक 16/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **1. श्री मोहम्मद अजमत, 2. श्री मोहम्मद राईन, दोनों के पिता- मोहम्मद शौकत राईन** ने भवन क्रंमाक 51/4 का भाग संपत्ति कर/ पिन नं. 2000353151 जलकर पिन नं. ......, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - 1.श्रीमती सुनीता शर्मा, पति- श्री चन्द्रकेतु शर्मा, 2. श्री सुजीत कुमार सिंह, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 3160 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 157 2024-2025 दिनांक 16/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री मोहम्मद आफताब राईन, पिता- मोहम्मद लियाकत राईन,** ने भवन क्रंमाक 42/743 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000361724 जलकर पिन नं. 2390761, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री चन्द्रकेतु शर्मा (सी.के. शर्मा), पिता- श्री महेश प्रसाद , **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड** , विक्रय प्लाट रकवा 2400 व.फु., निर्मित भूतल 1008 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 158 2024-2025 दिनांक 16/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **1. श्री मोहम्मद अजमत, 2. श्री मोहम्मद राईन, दोनों के पिता- मोहम्मद शौकत राईन** ने भवन क्रंमाक पी-145 संपत्ति कर/ पिन नं. 2000262818 जलकर पिन नं. ......, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री चन्द्रकेतु शर्मा, पिता- श्री महेश प्रसाद , **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 660 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999